



दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 196/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 24 फरवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in

आप जिंदगी में कितनी भी बड़ी कार में घूम लो आखिर में तो आपको बॉस की बनी अर्थी पर ही जाना पड़ेगा यही जीवन का कड़वा सत्य है

सांध्यप्रकाश विशेष

## 12 साल से बंद पड़ा कैलारस शकर कारखाना फिर शुरु होगा




भोपाल। मुरैना जिले में वर्ष 2010-11 से बंद पड़ा कैलारस सहकारी शकर कारखाना फिर पुनर्जीवित किया जाएगा। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर इसे फिर से शुरु करने के लिए कार्यवाही करने को कहा है। उन्होंने सीएम को बताया है कि किसानों का समूह मध्यांचल किसान उद्योग लिमिटेड के जरिए इसे शुरु करने का इच्छुक है।

गडकरी ने सीएम को पत्र लिखकर कहा है कि मप्र के मुरैना के कैलारस सहकारी शकर कारखाने में उत्पादन प्रारंभ करने के लिए मध्यांचल किसान उद्योग लिमिटेड के प्रबंध संचालक एमडी पाराशर ने उन्हें आवेदन भेजा है। देश के अनेक राज्यों में बंद हुए शक्कर कारखानों को शकर के साथ ही इथेनॉल, बायोगैस, बायो फर्टिलाईजर जैसे उत्पादों के लिए पुन: शुरु करने के प्रयास सफल होते जा रहे है।इससे प्रेरणा लेकर मुरैना के किसानों तथा व्यवसाईयों द्वारा वर्ष 2010-11 से बंद प्रदेश के प्रथम सहकारी शकर कारखाने को फिर से शुरु करने के लिए इस कंपनी का गठन किया है। कंपनी में पर्याप्त निवेश के प्रस्ताव है। एक्सिस बैंक ने पचास करोड़ की ऋण स्वीकृति की सहमति भी दी है। गडकरी ने मुख्यमंत्री को लिखा है कि किसानों के समूह से उनकी चर्चा हो चुकी है। इस कारखाने की स्क्रैप में बेची जाने वाली मशीनों को उत्पादन में प्रयोग हेतु उच्चतम बोली में क्रय करने, शेष संसाधनों को लीज व विक्रय में किसी भी प्रकार से देने के बारे में प्रस्ताव दिया गया लेकिन इभी तक इस विषय पर आगे की कार्यवाही नहीं हो पाई है।

केन्द्रीय मंत्री ने सीएम से कहा है कि इस पुनर्जीवन प्रस्ताव के बारे में आप स्वयं सकारात्मक है, इसकी जानकारी उन्हें दी गई है। अगर समय पर इस विषय की कार्यवाही आगे बढ़े और पूरी हो जाए तो सभी हितधारकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने सीएम से अनुरोध किया है कि कैलारस स्थित सहकारी शक्कर कारखाने के पुनर्जीवन के बारे में रुकी हुई प्रक्रिया को गति देने के यथाशीघ्र उचित निर्देश दिए जाएं।

## पंचायतों में बिना अनुमति नहीं बन सकेंगे भवन, दकान



भोपाल। अब ग्राम पंचायत की लिखित मंजूरी के बिना गांव में किसी भी भवन का निर्माण या परिनिर्माण, पुनपरिनिर्माण या संन्निर्माण नहीं हो सकेगा। इसके लिए बाकायदा फीस भी तय की जा रही है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग इसके लिए नियमों में परिवर्तन करने जा रही है। बिना अनुमति निर्माण करने वालों को ग्राम पंचायत या राज्य सरकार द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा अभियोजित किया जा सकेगा और दोषसिद्ध होंने पर छह माह के साधारण कारावास या दो हजार रुपए तक के जुर्माने से उसे दंडित किया जा सकेगा।

केवल मिट्टी की दीवार या मिट्टी के गारे या स्थानीय सामग्री से आवासीय प्रयोजन हेतु परिनिर्मित किए जाने वाले 125 वर्गमीटर से कम के निर्मित क्षेत्र वाले मकान की दशा में भवन अधिकारी द्वारा आवेदन के परीक्षण कराए जाने की आवश्यकता नहीं होगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत भवनों के परिनिर्माण तथा विस्तार पर नियंत्रण नियम 2022 के नियम जारी करने जा रही हे। इसे तीस दिन बाद लागू किया जाएगा। इस पर लोगों से सुझाव और आपत्तियां मांगे गए है जो अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को तीस दिन के भीतर भेजे जा सकते है।

तीस दिन में अनुमति नहीं मिली तो डीम्ड परमीशन

यदि ग्राम पंचायत विहित फीस के साथ आवेदन की प्राप्ति के बाद तीस दिन के भीतर भवन निर्माण की अनुमति देने में असफल रहती है तो भूमि की ऐसी श्रेणी पर जैसी की राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित की जाए अनुज्ञा दे दी गई समझी जाएगी। किसी भवन का निर्माण करने या किसी विद्यमान भ्ज्ञवन में कोई परिवर्तन या रुपांतरण करने या किसी भवन का पुनर्निर्माण करने की अनुमति इन नियमों के नियम पांच के अधीन प्रदान की जाएगी।

ऐसे करना होगा आवेदन-किसी भवन का परिनिर्माण, पुनर्परिनिर्माण करने का इच्छुक कोई व्यक्ति यह काम आरंभ करने से पहले पूर्व अनुमति के लिए ग्राम पंचायत को लिखित में आवेदन करेगा और मूल योजना के साथ स्थल योजना, भवन योजना, सर्विस प्लान, विशिष्टियां, पर्यवेक्षण का प्रमाणपत्र तथा स्वामित्व या स्थल के संबंध में किसी वैधानिक अधिकार का प्रमाणपत्र चार प्रतियों में प्रस्तुत करेगा। कोई भी आवेदन तब तक विधिमान्य नहीं माना जाएगा जब तक कि आवेदक ने ग्राम पंचायत को तय फीस न दे दी हो। इसके लिए रसीद की एक प्रमाणित प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। भवन अधिकारी अनुमति जारी करेगा और एक बार दी गई अनुमति एक वर्ष के लिए विधिमान्य रहेगी। बहुमंजिला भ्ज्ञवन के लिए मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम के तहत गठित जिला समिति की अनुमति के साथ ही अनुज्ञा दी जाएगी।

ग्राम पंचायत या उसके द्वारा प्रतिनियुक्त कोई अधिकारी या भ्ज्ञवन अधिकारी किसी भी समय किसी भी भवन के परिनिर्माण का निरीक्षण कर सकेगा। आवेदक द्वारा लिखित में भवन निर्माण पूर्ण होंने की सूचना देने के बाद एक माह बाद किसी भी समय लिखित सूचना द्वारा आवेदक से कोई परिवर्तन नहीं कराया जा सकेगा।

इन स्थानों पर अनुमति नहीं: अस्वास्थ्यकर स्थल, ऐसे स्थान जो सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आरक्षित हो तथा वह स्थान जो नदी की बाढ़ आदि से प्रभावित हो।

नियम विरुद्ध निर्माण पर रोक: बिना अनुमति या इन नियमों के किसी उपबंध या अनुमोदित योजना तथा शर्तो के उल्लंघन में किए गये किसी निर्माण को ग्राम पंचायत द्वारा रोका जा सकेगा।

## पूर्वोत्तर के 8 राज्य हमारे लिए अष्टलक्ष्मी: मोदी

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी दौरे पर नगालैंड पहुंचे



कोहिमा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज चुनावी राज्य नगालैंड और मेघालय के दौरे पर हैं। पीएम सबसे पहले नगालैंड के दीमापुर पहुंचे, जहां उन्होंने रैली को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने नगालैंड की सरकार को रिमोट कंट्रोल से चलाया...दिल्ली से लेकर दिमापुर तक इन्होंने परिवारवाद को ही प्राथमिकता दे रखी थी, लेकिन हमारी सरकार ने पूरे नॉर्थ-ईस्ट के लिए दिल्ली की सरकार की सोच को ही बदल दिया है। कांग्रेस ने पूर्वोत्तर को एटीएम माना हुआ था... सरकार का पैसा जनता तक नहीं, बल्कि करप्ट पार्टियों की तिजोरी में पहुंचता था। लेकिन हम पूर्वोत्तर के आठ राज्यों को कांग्रेस की तरह एटीएम नहीं बल्कि अष्टलक्ष्मी मानते हैं।

पीएम ने कहा कि हमारा यह प्रयास है कि दिल कि दूरियां भी मिटें और दिल्ली से भी दूरी कम हो। बीते 9 वर्षों में मैं खुद दर्जनों बार यहां आया हूं। नगालैंड को पहली महिला राज्यसभा सांसद देने का अवसर भी एनडीए को मिला है। मोदी ने कहा कि अपने लोगों पर अविश्वास करके देश नहीं चलता... देश चलता है अपने लोगों का सम्मान करके, उनकी समस्याओं का समाधान करके। पहले जहां नॉर्थ-ईस्ट में बांटने की राजनीति चलती थी उसको हमने बदला है। एनडीए सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर आगे बढ़ रही है। हम गरीबों, आदिवासियों और महिलाओं के विकास पर बहुत अधिक फोकस कर रहे हैं और इसीलिए हमारी हर योजना में इन वर्गों को प्राथमिकता दी जा रही है। पिछले साढ़े तीन वर्षों में ही नागालैंड के साढ़े तीन लाख से अधिक परिवारों तक पाइप से पानी पहुंचाया गया है और इसका सबसे अधिक लाभ हमारी आदिवासी महिलाओं को हुआ है। हम न क्षेत्र को देख भेदभाव करते हैं और न ही धर्म को देख भेदभाव करते हैं।

## कमलनाथ बताएं, क्या एक भी आवासीय स्कूल खोला: चौहान



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने संभाग स्तर पर कन्याओं के लिए आवासीय खेल स्कूल खोलने की घोषणा की थी। क्या एक भी आवासीय खेल स्कूल खोला? क्यों झूठ बोलते हो? अजूबा है कि शपथ दिला रहे हैं कि पिता सीएम बनेगा और पुत्र सांसद। मां-बेटे और पिता-पुत्र की कांग्रेस पार्टी न देश का भला कर सकती है, न प्रदेश का। मीडिया से चर्चा करते हुए श्री चौहान ने कहा कि जनकल्याण का महायज्ञ बन चुकी विकास यात्रा अब अपने अंतिम चरण में है। विकास यात्रा में अब तक 34,176 लोकार्पण और 25,686 भूमिपूजन किए गए हैं। 7, 72,036 आवेदनों में से 6,51,064 का सकारात्मक समाधान किया जा चुका है। कांग्रेस को यह विकास नहीं दिखता। उन्होंने भोपाल के हमीदिया अस्पताल के डॉक्टर राजीव गुप्ता और डॉक्टर लवली कौशल और उनकी टीम को बधाई देता हूं, जिन्होंने टीबी के मरीजों के इलाज के लिए नई तकनीक का उपयोग करते हुए खून की नली को ठीक किया।

प्रसन्नता का विषय है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने एक और उपलब्धि प्राप्त की है। प्रसूताओं को बेहतर उपचार देने में हम देश में अव्वल हैं। प्रसव कक्ष गुणवत्ता बेहतरी के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान लक्ष्य में मध्यप्रदेश को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा- सौभाग्य है कि आज मां शबरी जयंती पर केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह जी सतना में कोल महाकुंभ में शामिल होंगे और सतना मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ करेंगे। कांग्रेस ने 50 साल में मध्यप्रदेश में 5 मेडिकल कॉलेज बनाए, भाजपा की मप्र सरकार में 23 मेडिकल कॉलेज हैं।

## राम कथा विवाद के बाद शोधपीठ के निदेशक की कुर्सी खतरे में?

भोपाल। उज्जैन में कुमार विश्वास की रामकथा के पहले दिन जो कुछ हुआ, वो जैसा भी था, लेकिन उसने नए विवाद को जन्म जरूर दे दिया। एक धार्मिक आयोजन के मंच से उन्होंने जो कहा वह कितना सही या गलत था, फिलहाल मुद्दा यह नहीं है! लेकिन, उसे लेकर नया राजनीतिक बवाल जरूर मच गया। सिर्फ बवाल ही नहीं मचा, उसे लेकर एक नई अंतर्कथा का भी जन्म हो गया। अब इस बवाल का खामियाजा किसे भुगतना पड़ेगा, सबकी नजरें वहां लगी है! लेकिन, सभी का मानना कि 'महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ' के निदेशक श्री राम तिवारी पर गाज गिर सकती है! क्योंकि, संघ और भाजपा में इस मामले को लेकर जितना रोष है, उसके प्रतिफल को समझा जा सकता है।

संस्कृति विभाग के महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ के बैनर तले हो रहे इस आयोजन पर सवालिया निशान उठने लगे हैं। उमा भारती, जय भान सिंह पवैया सहित भाजपा के कई नेताओं ने इस मामले को लेकर ट्वीट करते हुए कहा है कि कुमार विश्वास की टिप्पणी क्षमा योग्य नहीं है।

उमा भारती ने ट्वीट करके कुमार विश्वास को लपेट दिया। उमा भारती ने ट्वीट किया 'कुमार विश्वास तुमने तो माफी मांगते हुए भी सबको सामान्य बुद्धि का कह दिया, अब कुपढ़, अनपढ़ की बात तो पीछे छूट गई किंतु तुम्हारी बुद्धि विकृत है यह स्थापित हो गया। जबकि, संघ के नेता जयभान सिंह पवैया ने कुमार विश्वास के बारे में कहा कि 'आपकी टिप्पणी शोभनीय और क्षम्य नहीं हो सकती।' जबकि, संघ के कोटे से मंत्री बने उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव की ख़ामोशी अखरने वाली है। क्योंकि, जब कुमार विश्वास संघ के बारे में बोल रहे थे वहां मोहन यादव भी मौजूद थे। पर, वे न तो उस समय कुछ




बोले और और न बाद में उन्होंने कुछ कहा! समूचे मामले में उनकी चुप्पी कई शंकाओं को जन्म दे रही है।

कुमार विश्वास के विवादास्पद बयान और उसके बाद जारी अहंकार भरे माफीनामे के अलावा भी इस मामले में बहुत कुछ भी हुआ। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्री राम तिवारी का एक कथित फर्जी पत्र बकायदा महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के लेटर पैड पर जारी हुआ। जिसमें कुमार विश्वास को संबोधित करते हुए लिखा था 'आपसे विक्रम उत्सव 2023 में श्री राम (अपने अपने राम, राम के शंकर और शंकर के राम) के लिए अनुरोध किया गया था। लेकिन, एक भक्तिमय रामकथा में आपके द्वारा 21 फरवरी को आयोजित 'अपने-अपने राम' कार्यक्रम में अवांछित, अमर्यादित और दुर्भाग्यपूर्ण टिप्पणियां की गई है। जिसको लेकर समाज में अत्यंत रोष है। अतः शेष राम कथा (राम के शंकर और शंकर के राम) 22 और 23 फरवरी को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। खेद है कि एक सांस्कृतिक और धार्मिक श्री राम कथा कार्यक्रम में अमर्यादित टिप्पणियां आपके द्वारा की गई है।'

इसके बाद एक और पत्र महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के ही लेटर पैड पर जारी हुआ। इसमें कहा गया 'विक्रम उत्सव 2023 के अंतर्गत 21 से 23 फरवरी तक कुमार विश्वास की चलने वाली राम कथा (अपने-अपने राम, शंकर के राम और राम के शंकर) कार्यक्रम बदस्तूर जारी है। सोशल मीडिया पर निदेशक महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के नाम से जारी पत्र नकली है, जो विघ्नसंतोषियों द्वारा जारी किया गया है, इसकी कोई सत्यता नहीं है!'

इन दोनों पत्रों में एक ध्यान देने वाली बात ये है कि दोनों ही पत्रों के क्रमांक (मविशो / 389 और मविशो 389) हैं। यदि पहले वाले पत्र को नकली मान भी लिया जाए, तो भी आवक-जावक में उसका पत्र क्रमांक सही कैसे है! बाद वाले पत्र को भी उसी क्रमांक (जोड़कर) से जारी किया जाना दर्शाता है, कि कुछ तो ऐसा हुआ, जो बाहर नहीं आया! दोनों ही पत्रों (नकली और असली) पर निदेशक श्रीराम तिवारी के दस्तखत में भी ज्यादा फर्क दिखाई नहीं देता। एक और गौर करने वाली बात ये है, कि जिस पत्र को श्रीराम तिवारी असली बता रहे हैं, उसमें भी उन्होंने लिखा कि 'जारी पत्र नकली है, जो विघ्नसंतोषियों द्वारा जारी किया गया!' तात्पर्य यह कि कुमार विश्वास ने जिन्हें विघ्नसंतोषी कहा, श्रीराम तिवारी ने अपने पत्र में उसकी पुष्टि लिखकर कर दी।एक पत्र को नकली और दूसरे को असली बताया गया जा रहा है! कौन सा पत्र नकली है और कौन सा असली, इस बारे में उज्जैन के सियासी और प्रशासनिक गलियारों में तरह तरह की चर्चा है। उज्जैन से मिली जानकारियां और चल रही चर्चा पर भरोसा किया जाय तो दोनों ही लेटर असली बताए जा रहे है।स्थानीय लोगों का मानना है कि पहला लेटर कुमार विश्वास की विवादास्पद टिप्पणी और संघ, भाजपा के विरोध के तत्काल बाद जारी किया गया था! क्योंकि, तब इस बात अंदाजा नहीं था कि कुमार विश्वास माफ़ी मांग लेंगे।

## कांग्रेस की स्टेयरिंग कमेटी की बैठक शुरू




रायपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की स्टेयरिंग कमेटी की बैठक के साथ ही हाथ से हाथ जोड़ो थीम पर कांग्रेस के 85वें सत्र का आगाज भी हो चुका है। । बैठक में कांग्रेस के 85वां अधिवेशन में आज से 3 दिन तक किन-किन मुद्दों पर चर्चा हो और किस तरह से रणनीति बने इसको लेकर दिशा-निर्देश तय होगा। लोकसभा चुनाव 2024 के साथ-साथ विधानसभा चुनावों की रणनीति पर मंथन करने के लिए देशभर से 15 हजार प्रतिनिधि इस अधिवेशन में शामिल हैं।

अधिवेशन स्थल पर मीडिया से चर्चा में मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आज मैं छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर आया हूं। कांग्रेस अध्यक्ष के नाते यहां आने की मुझे बहुत खुशी है, लेकिन रंज की बात यह है कि जब मैं यहां प्रवेश कर रहा था, तब मेरे बहुत से नेताओं और कार्यकर्ताओं को भाजपा की सरकार ने प्रताड़ित किया। मीडिया विभाग के पवन खेड़ा को गिरफ्तार किया गया। कानून में ऐसा कोई प्रविधान नहीं है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को रायपुर पहुंच रहे हैं। अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 25 फरवरी को उदघाटन के दौरान पार्टी की 2024 की दशा दिशा की रूपरेखा रखेंगे। पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी भी इसी दिन सत्र को संबोधित करेंगी। जबकि राहुल गांधी आखिरी दिन 26 फरवरी को प्लेनरी सत्र में अपनी बात रखेंगे।

इससे पहले अधिवेशन में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई अन्य वरिष्ठ नेता पहुंच गए हैं। कांग्रेस ने अधिवेशन स्थल का नाम छत्तीसगढ़ के बलिदानी वीर नारायण सिंह के नाम पर रखा है। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष जयराम रमेश ने पत्रकारों से चर्चा में आयोजन की रूपरेखा बताई। रायपुर पहुंचने के साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष खरगे सीधे अधिवेशन स्थल पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया।

पवन खेड़ा ने मांगी माफी

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने ट्वीट कर बताया कि पवन खेड़ा ने बिना शर्त माफी मांग ली है। असम के मुख्यमंत्री ने लिखा कि राजनीति में असभ्य भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

सांध्यप्रकाश विशेष

## भोपाल में बिक रहे पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर की जांच में सिर्फ खानापूर्ति

-20 लिटर के जार पर नियम का है अभाव
- भारतीय मानक ब्यूरो ने दो सालों में एक भी आईएसआई मार्क कंपनियों का नहीं किया निरीक्षण
- आयुक्त के निर्देशों के बावजूद सिर्फ चार कंपनियों पर हुई कार्रवाई
- खुले आम बिकते है बीस लिटर के अमानक जार




रमेश शर्मा

भोपाल। राजधानी के वे लोग जो पैसे देकर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर के पाऊच या पानी का जार खरीद रहे है उनकी गुणवत्ता की कोई गारंटी हो ऐसा माना ही नही जा सकता है। वजह, जो जानकारी आरटीआई के जरिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी भोपाल और भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल के दफ्तरों से मिली हैं, वे यह दर्शाती हैं कि पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर बनाने वाली कंपनियों की गुणवत्ता की जांच में भारी लापरवाही बरती जा रही है।

क्या है फूड एंत्र सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड एक्ट भारत के राष्ट्रपति ने 23 अगस्त 2006 को फूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड एक्ट 2006 का अनुमोदन किया था, जिसका पालन संपूर्ण भारत में किया जाना अनिवार्य है। एफएसएसएआई (फूड एंड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड अथार्टी ऑफ इंडिया) ने भी पैकेन्ड ड्रिंकिंग वॉटर के निर्माण और बिक्री हेतु नियम बनाए हैं। मप्र में भी भारतीय मानक ब्यूरो ने ऐसी कंपनियों को आईएस आई मार्क दिए हैं, जिन्हें पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर का निर्माण पूर्ण गुणवत्ता से करना होता है। स्वच्छ और रोग मुक्त पेयजल मिलना लोगों का अधिकार है। मानव स्वास्थ्य के लिए यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि उन लोगों को मिलने वाला पानी सूक्ष्म जीवों, भारी धातुओं, कीटनाशकों और अन्य रसायनों जैसे दूषित पदार्थों से मुक्त हो। एफएसएसएआई के नियमों के तहत अब पैकेन्ड ड्रिंकिंग वॉटर पर बीआईएस प्रमाणन जरूरी है। पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर बिना आईएसआई मार्क के बेचा ही नही जा सकता है। कुछ सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड एक्ट 2006 की धारा 31 के अनुसार सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफ.बी.ओ.) फूड लायसेंस लेना जरूरी है।भोपाल में बिना आईएसआई मार्का के सैकड़ों कंपनियां प्रतिदिन लाखों लिटर पीने का पानी 20 लिटर के जार में बेच रही हैं। इन पर रोक लगाने के लिए आयुक्त खाद्य सुरक्षा ने मप्र के समस्त अभिहित अधिकारी (खाद्य- सुरक्षा प्रशासन) को निर्देश जारी किए हैं कि सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपने-अपने जिलों में स्थित पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर निर्माण करने वाले संस्थानों का मानक अधिनियम 2006 तथा 2011 के तहत निरीक्षण करें और निर्धारित -नियमों तथा शर्तो का पालन न करने पर अधिनियम अनुसार कार्रवाई करें। सूचना के अर्थको अधिकार अधिनियम के तहत मिली जानकारी काफी हास्यास्पद है। एक साल के अवधि में प्रदेश के 15 जिलों ने सिर्फ 34 नमूने पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर के लिए गए हैं। भोपाल जिले के खाद्य अधिकारी ने 28.04.22 को ऑनेस्ट पीपल ब्रिवरेजेस ग्राम रापड़िया, भोपाल के विरुद्ध मिथ्या छाप एवं प्रतिबंधित पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर का उत्पादन करने के अपराध पर वैधानिक कार्रवाई की।

शेष पृष्ठ 6 पर


भारतीय मानक ब्यूरो
BUREAU OF INDIAN STANDARDS

# गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में चल रही विकास यात्रा, दी जा रही योजनाओं की जानकारी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में विकास यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में क्षेत्रीय विधायक कृष्णा गौर के नेतृत्व में विकास यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है उन विकास यात्राओं को गोविंदपुरा क्षेत्र में अपार जनसमर्थन मिल रहा है विकास यात्रा की तैयारी के लिए पहले से विभिन्न बैठकर आयोजित की गई थी भानपुर मंडल कार्यसमिति में सभी वार्ड के पार्षद उपस्थित रहे जिनके द्वारा विकास यात्रा में क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की इन सभी विकास यात्रा में गोविंदपुरा क्षेत्र के पार्षद राजू राठौर भारतीय पार्षद विकास पटेल एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बलिस्ता रावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया क्षेत्रीय विधायक कृष्णा गौर ने इन विकास यात्राओं के जरिए क्षेत्र में कराए जा रहे कार्यों की जनता को जानकारी दी इस दौरान उपस्थित जन समुदाय ने किए जा रहे विकास कार्यों को सराहा भानपुर मंडल के महामंत्री सुबोध साहू ने कहा कि पूरे क्षेत्र में जनता द्वारा विकास कार्यों को लेकर बड़ा उत्साह देखा गया किसी भी वार्ड से जनता द्वारा क्षेत्र में और विकास कार्यों को कराए जाने को लेकर क्षेत्रीय विधायक को कहा एवं कराए गए कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया 22 फरवरी को वार्ड 72 में विकास यात्रा के समापन अवसर पर भव्य जनसभा का आयोजन किया गया इस अवसर पर भारत माता की आरती की गई विकास पटेल ने कहा कि पूरे क्षेत्र में निकाली गई विकास यात्रा के अवसर पर भानपुर चौराहे पर जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता सम्मिलित हुई।

# भारत में सिकल-सेल रोग विषय पर 2 दिवसीय संगोष्ठी आयोजित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

देश की जनजाति समुदायों में अनेक प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हैं, जिनमें रक्त-विकार संबंधी रोग या हीमोग्लोबिनापैथीज एक प्रमुख स्वास्थ्य समस्या रही है। आई.सी.एम.आर.-राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, जबलपुर द्वारा 'भारत में सिकल-सेल रोग' विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन 22-23 फरवरी, 2023 आई.सी.एम.आर-एन.आई.आर.ई.एच. भोपाल में किया गया। आयोजन में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल के साथ-साथ अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री, डॉ. प्रभुराम चैधरी, मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मप्र शासन ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। संगोष्ठी का शुभारंभ राज्यपाल तथा मंचासीन गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप-प्रज्ज्वलित करने के साथ हुआ। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 जब देष अपनी स्वतंत्रता का शताब्दी समारोह मना रहा होगा, तब तक देष को सिकल सेल मुक्त भारत बनाने के आव्हान को दोहराते हुए आई.सी.एम.आर. के जबलपुर स्थित संस्थान और निदेषक डॉ. अपरूप दास द्वारा इस दिषा में किए जा रहे सक्रिय प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में बोलते हुए केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने इस प्रकार की संगोष्ठी को रचनात्मक पहल का स्वरूप बताते हुए आई.सी.एम.आर. सहित सभी सरकारी संस्थाओं, चिकित्सकों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के समन्वित और सहयोगपूर्ण प्रयासों की आवष्यकता को रेखांकित किया। मध्यप्रदेष के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चैधरी ने राज्यपाल के मार्गदर्षन और उनकी प्रेरणा का उल्लेख करते हुए मध्यप्रदेष सरकार द्वारा सिकल सेल रोग से अधिक प्रभावित जिलों में स्क्रीनिंग और जागरूकता लाने के प्रयासों पर जोर दिया। आपने इस दिषा में किए गए अभी तक के प्रयासों का भी ब्यौरा दिया। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय की अपर सचिव आर. जया, स्वास्थ्य सलाहकार मिस विनीता श्रीवास्तव, मोहम्मद सुलेमान, अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में राजभवन में जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खांडेकर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिषन, म.प्र. की मिशन डायरेक्टर मिस प्रियंका दास ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल जी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, म.प्र. के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चैधरी तथा सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्षित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## वृक्ष मित्र सुनील दुबे ने भेंट किया स्नेक लोटस प्लांट का पौधा



**भोपाल।** पदमश्री सम्मान से सम्मानित विजय दत्त श्रीधर को हिंदी भवन में सम्मान के अवसर पर वृक्ष मित्र सुनील दुबे ने सेन्सवेरिया स्नेक लोटस प्लांट का पौधा भेंट किया । वृक्ष मित्र ने आज तक 4 लाख 28 हजार 51 वा पौधा आज हिन्दी भवन में आज भेट किया है ।

## दीप प्रज्वलित कर महाकाल से प्रार्थना कर आशीर्वाद लिया




**भोपाल।** सर्व मांग्लयम समूह के आह्वान पर नम: शिवाय बेंक द्वारा महाकाल नगरी उज्जैन में महाशिवरात्रि पर्व पर पवित्र क्षिप्रा के तट पर शिव ज्योति अर्पण कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर दीप प्रज्वलित किए गए। इस दीप यज्ञ में बेंगलुरु से प्रियंका पंजाडे, नागपुर से अरुणा लक्ष्मण गोडवे, मुंबई से मुस्कान सक्सेना, दिल्ली से सतविंदर कौर, हरदा से सुरेखा जयसवाल, देवास से बबीता शर्मा, भोपाल से, लता उमा शंकर टिकेरिया, पूनम खत्री, अनीता साहू, शुक्रति शुक्ला, सौम्या, पद्मश्री,सागर से शेखर तिवारी ,शनी शुक्ला,उमा सहित अन्य बहुत से लोगों ने मिलकर दीप प्रज्वलित कर महाकाल से प्रार्थना कर आशीर्वाद लिया और ऐतिहासिक कार्यक्रम के सहभागी बने। समूह संस्थापक रमाकांत शुक्ला के अनुसार ऐसे कार्यक्रम धार्मिक परंपरा आस्था और आध्यात्मिक चेतना जागरण कर युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाते हैं।

## मानसरोवर डेंटल कॉलेज द्वारा जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन




**भोपाल।** मानसरोवर डेंटल कॉलेज की एनएसएस इकाई ने सरकारी हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय और साई इंस्टिट्यूट ऑफ़ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन के साथ मिलकर गत दिवस ग्राम पंचायत भवन ईंटखेड़ी नीलबढ़ , भोपाल में स्वास्थ्य और दंत चिकित्सा जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान, रक्तचाप, रक्त शर्करा के स्तर और दंत समस्याओं के लिए व्यक्तियों की जांच की गई। शिविर के माध्यम से करीब 600 से भी अधिक रहवासियों ने अपनी जांच करवाई । तीन सौ के करीब मरीज़ों की दांतों की समस्याओं का त्वरित निदान भी किया गया। इसके साथ ही मानसरोवर डेंटल कॉलेज वैन में विभिन्न दंत प्रक्रियाओं (भरने, निष्कर्षण और स्केलिंग) का प्रदर्शन किया गया। उच्च रक्तचाप और रक्त शर्करा के स्तर वाले रोगियों को आगे के निदान और उपचार के लिए चिकित्सक परामर्श के लिए सलाह भी दी गई। इस शिविर के सफल आयोजन में मानसरोवर डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल मानसरोवर डेंटल कॉलेज डॉक्टर गुरुदत्त नायक ,श्री साई इंस्टिट्यूट ऑफ़ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन के प्रिंसिपल डॉक्टर भरत चौरागड़े और हमीदिया आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर पुष्पलता चौकसे और इनकी पूरी टीम का विशेष योगदान रहा । रहवासियों ने मानसरोवर डेंटल एवं आयुर्वेदिक कॉलेज की पूरी टीम का आभार प्रकट किया।

## एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**भोपाल।** एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विजय ठक्कर के नेतृत्व में संविदा कर्मचारियों की प्रमुख मांगों को लेकर कलेक्टर अविनाश लवानिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा वादाखिलाफी किए जाने के विरोध में गुरुवार 23 फरवरी को कलेक्ट्रेट में एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा भोपाल राजधानी प्रदेश अध्यक्ष विजय ठक्कर के नेतृत्व में कलेक्टर अविनाश लवानिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

मांगों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किया जाए एवं बाकी कर्मचारियों को 5 जून 2018 को सामान प्रशासन विभाग द्वारा पारित की गई निधि रेगुलर कर्मचारियों के समकक्ष 90 प्रतिशत वेतनमान तत्काल लागू किया जाए एवं सीएचओ को MLHP कैडर के तहत नियमित किया जाए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से हटाकर आउट सोर्स किए गए सपोर्ट स्टाफ कर्मचारियों को पुन: एनएचएम में मर्ज किया जाए अथवा विभाग में रिक्त पदों पर समायोजन किया जाए एवं निष्कासित कर्मचारियों की तत्काल शत-प्रतिशत बहाली की जाए। इन मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा 15 दिसंबर से 3 जनवरी तक अनिश्चितकालीन हड़ताल की गई थी 3 जनवरी को स्वास्थ्य मंत्री, अपर मुख्य सचिव के द्वारा 1 माह के भीतर मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया था लगभग 50 दिन बीत जाने के बाद भी संविदा कर्मचारियों की मांगों को शासन प्रशासन द्वारा पूरा नहीं किया गया है जिससे प्रदेश के 32,000 संविदा कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है गुरुवार को प्रदेश के 52 जिलों के 32000 कर्मचारी एक दिवसीय सामूहिक हड़ताल पर हैं सभी जिलों में रैली निकालकर श्रीमान कलेक्टर महोदय के द्वारा मुख्यमंत्री महोदय को ज्ञापन देंगे फिर भी शासन प्रशासन द्वारा हमारी जायज मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो प्रदेश के 32000 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा परिवार सहित भोपाल भरो आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# मनोरंजन और फिल्म पत्रकारिता में बहुत अवसर: प्रो. केजी सुरेश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मनोरंजन और फिल्म पत्रकारिता में बहुत से नए अवसर हैं। यह आपको बहुत सारे विकल्प देता है। फिल्म पत्रकारिता सिर्फ गॉसिप ही नहीं बल्कि गंभीर पत्रकारिता भी है। यह कहना है माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो केजी सुरेश का। पत्रकारिता विश्वविद्यालय के बिशनखेड़ी स्थित नवीन परिसर में आयोजित इंटरटेनमेंट जर्नलिज्म विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो सुरेश ने अपने विचार व्यक्त किए.इस अवसर पर मोहब्बतें फिल्म की मशहूर अभिनेत्री प्रीति झंगियानी ने भी विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप बहुत भाग्यशाली विद्यार्थी हैं जो इस विश्वविद्यालय पढ़ाई कर रहे हैं। पत्रकारिता विश्वविद्यालय की तारीफ़ करते हुए प्रीति ने कहा कि फिल्म जगत के लिए यह एक केंद्र हो सकता है। प्रीति ने पत्रकारिता के छात्रों से कहा कि ऑनेस्टी के साथ मनोरंजन और फिल्म पत्रकारिता करें। जिंदगी का फलसफा देते हुए उन्होंने कहा कि अपने जोश को बरकरार रखें और ऐसा करते हुए जिंदगी को इंजॉय करें। खोसला का घोसला फिल्म के अभिनेता, मॉडल एवं निर्देशक प्रवीण डबास ने कहा कि आजकल ज्यादा व्यूज के चक्कर में मनोरंजन जगत की पत्रकारिता में झूठी खबर छाप दी जाती हैं, जो कि गलत है।

मनोरंजन और फिल्म पत्रकारिता में ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को चटपटा चाहिए, इसलिए आजकल सिनेमा जगत में कुछ भी छाप दिया जा रहा है, इससे आपको बचना चाहिए। उन्होंने ऑनेस्टी और इंटरग्रेटी की बात की। प्रवीण ने विश्वविद्यालय के नए परिसर और नए सभागार की भी जमकर तारीफ की। स्टुडेंट्स के जोश को देखकर उन्होंने कहा कि यह नया भारत है आप इसमें आप कुछ भी कर सकते हैं। आप जो चाहते हैं वह बन सकते हैं, बस आपके अंदर चाहत होनी चाहिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि अपने पैशन को पहचाने और फिर उसे फॉलो करें। वरिष्ठ पत्रकार केशव पांडे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सिनेमा अध्ययन विभाग द्वारा गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में आर्म रेसलिंग के वर्ल्ड चैम्पियन और विक्रम पुरुस्कार अवॉर्डी मनीष कुमार, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अविनाश वाजपेई,सिनेमा अध्ययन विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ पवित्र श्रीवास्तव, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष,शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## अनुपस्थित रहने पर सहायक प्रबंधक निलंबित

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दतिया वृत्त के वितरण केन्द्र सीतापुर में पदस्थ सहायक प्रबंधक श्री हितेश चन्दाना को अपने कर्तव्यस्थल से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने के साथ ही विकास यात्रा के दौरान अनुपस्थित रहने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक संचारण संधारण वृत्त दतिया श्री धर्मेन्द्र कौशिक ने बताया है कि सीतापुर वितरण केन्द्र में कार्यरत श्री हितेश चन्दाना को कार्यालय से बिना अनुमति एवं सूचना के अनुपस्थित रहने के साथ ही मुख्य महाप्रबंधक ग्वालियर क्षेत्र के प्रवास तथा विकास यात्रा के दौरान अनुपस्थित रहने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में चन्दाना का मुख्यालय कार्यालय उप महाप्रबंधक संचारण संधारण संभाग लहार किया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने स्पष्ट किया है कि निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही उपभोक्ता सेवा कंपनी की पहली प्राथमिकता है और बिना सूचना के अनुपस्थित रहने तथा समय पर कार्यालय उपस्थित नहीं होने वाले कार्मिकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## खाद्य अमले ने 9 दुकानों से लिए नमूने

**भोपाल।** मिलावट से मुक्ति अभियान के अन्तर्गत कलेक्टर अविनाश लवानिया के निर्देशानुसार नव नियुक्त अभिहित अधिकारी देवेन्द्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूना लेकर परीक्षण के लिए लैब भेजने की कार्यवाही की गई है।

बुधवार को 9 प्रतिष्ठानों से सेंपल लिए गए हैं । वर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा नमूना लक्ष्य में वृद्धि किये जाने के बाद अब प्रत्येक खाद्य सुरक्षा अधिकारी को प्रतिमाह कम से कम 10 नमूने लिया जाना है । लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए जिले में नमूना संग्रहण कार्य लगातार जारी रहेगा। बुधवार को सुरेश प्रोविजन स्टोर, आराधना नगर से देशी चना, सरसों तेल मूंगदाल छिलका तथा पैक जीरा, ट्रिपल ए इंटरप्राइजेज कोलार रोड़ भोपाल से आटा तथा टमाटर ग्रेवी, पुष्प बेकरी एण्ड आइसक्रीम रोल्स, कोलार रोड़ भोपाल से दो पैक्ड नमकीन कृष्णा रेस्टोरेंट, गोलखेड़ी, बैरसिया रोड़, भोपाल से भैंस का दूध का नमूने, खुशमिता प्रोटीन किराना एण्ड डेयरी स्टोर, कोलार रोड़, भोपाल से बेसन और पोहा के नमूने, चौरसिया रेस्टोरेंट, लाम्बाखेड़ा भोपाल से मावा टिकिया और बेसन के 2 नमूने,श्रीजी डेयरी, जे. के. हॉस्पिटल के पास, कोलार से गाय का दूध और घी के 2 नमूने नमस्वी ट्रेडर्स, लाम्बाखेड़ा, भोपाल से बेसन, मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर और उड़द दाल के 4 नमूने, सात्विक डेयरी, अस्सी फीट रोड़, कोलार से दही और टोस्ट के 2 नमूने लिए गए। जांच में सात्विक डेयरी बिना खाद्य पंजीयन, अनुज्ञप्ति संचालित होना पाया गया।

## वाल्मी में मनाया जा रहा, आओ आओ मेरे वसंत, फाग अनंत सीजन-2

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मप्र जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान, वाल्मी में आओ आओ मेरे वसंत, फाग अनंत सीजन-2 मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 18 फरवरी से 19 मार्च, 2023 तक मनाया जा रहा है। जोकि सुबह 8 बजे से शुरू होकर दोपहर 3 बजे तक जारी रहेगा। कार्यक्रम कलियासोत डेम स्थित, इकोलोजिकल पार्क यानी वाल्मी हिल्स, भोपाल में आयोजित किए जाएंगे। आओ आओ मेरे वसंत, फाग अनंत सीजन-2, कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में जीवन जीने की श्रेष्ठ शैली को विकसित करना है। इसके अंतर्गत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जो सशुल्क और निःशुल्क दोनो ही तरह के हैं।

वाल्मी में फाग अनंत सीजन-2 में आमजन उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में जंगल रोटी, घोड़े एवं ऊंट की सवारी, झूलों का लुत्फ (सशुल्क) कई लोग उठा रहे हैं। यह कार्यक्रम 19 मार्च, 2023 तक आयोजित किए जाएंगे। आप सभी इस कार्यक्रम में सह-परिवार एवं मित्रों के साथ आमंत्रित है। कार्यक्रम में आने वाली श्रृंखला में 1 मार्च, 2023 से फाग उत्सव (होली उत्सव) समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हर्बल रगों का उपयोग, मड एवं टेसू के फूलों से निर्मित रंगों से फाग उत्सव (होली उत्सव) मनाया जाएगा।

होली उत्सव के दौरान, वाल्मी में ओर भी कई तरह की गतिविधियां की जा रही हैं जैसे कि ग्रह, राशि, नक्षत्र के अनुसार पौधों का रोपण, जंगल सफारी, (सशुल्क) और वाल्मी में नक्षत्र उद्यान का भ्रमण, क्लाइम्बिंग वॉल, स्वास्तिक दर्शन, भूल-भुलैया, हर्बल गार्डन, हैंगिग ब्रिज, इनडोर गेम, अपर हिल्स, टाइगर, मेर और तीतर पाइंट (नि:शुल्क) देख सकते हैं। इन कार्यक्रमों में पार्टिसिपेट करने वाले लोग इकोलॉजिकल ऑक्सीजन पार्क में भ्रमण कर ऑक्सीजन बैंक के एटीएम से ऑक्सीजन ले सकते हैं। इसके साथ ही प्रकृति के सात रंगों का व्यू (कलियासोत डेम) से, जैव-विविधता से भरे जंगल की सैर के साथ कई तरह की जीवन शैली का लाभ उठा सकते हैं।

वाल्मी में मौजूद ईको-विलेज में सांस्कृतिक नृत्य, नाटिका भी आयोजित कर सकते हैं। तो वहीं, मित्र, रिश्तेदार और अपने किसी विशेष व्यक्ति के लिए धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पूजा या इबादत के साथ पौधों को रोपित कर सकते हैं। ऐसे करें पार्टिसिपेट = वाल्मी के इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए संस्थान की ऑफिशियल वेबसाइट www.mpwalmi.org पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ कार्यक्रम के शुल्क ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

# निर्धारित लक्ष्य से कम कार्य हुआ तो लगेगी पेनाल्टी

**निगम आयुक्त ने एबीसी सेंटर, एनीमल कारकेस एवं वृक्षारोपण स्थल का भी किया निरीक्षण**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



निगम आयुक्त ने आदमपुर छावनी में स्थापित श्रेडर मशीन के कार्यों का जायजा लिया और संबंधित कंपनी के प्रतिनिधियों से कार्य प्रगति के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त ने कार्य की धीमी गति पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य की गति बढ़ाकर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने की हिदायत दी।

निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने गुरूवार को आदमपुर छावनी में वेस्ट आरडीएफ के सेग्रीगेशन हेतु स्थापित श्रेडर मशीन के कार्यों के संबंध में कंपनी के प्रतिनिधियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की तथा कार्य की धीमी गति पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य की गति बढ़ाकर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने की हिदायत दी। निगम आयुक्त ने कंपनी के प्रतिनिधियों को हिदायत देते हुए कहा कि यदि निर्धारित लक्ष्य से कम कार्य हुआ तो कंपनी पर पेनाल्टी लगाने की कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त श्री चैधरी ने प्रस्तावित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट संयंत्र स्थापना स्थल की मार्किंग कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चैधरी ने निर्माणाधीन एनीमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर के निर्माण कार्यों का जायजा लिया और कार्य की गति बढ़ाकर शेष रहे कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने एनटीपीसी संयंत्र स्थापना स्थल पर निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल का जायजा लिया। निगम आयुक्त श्री चैधरी ने एडमिन ब्लाक के पीछे निर्माणाधीन नाली एवं बाउंड्रीवाल निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा कार्य की गति बढ़ाकर शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चैधरी ने इलेक्ट्रिक पोल्स निर्धारित स्थान पर शिफ्ट करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने निर्माणाधीन गार्ड रूम तथा हीरापुर में निर्मित आवासों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त एम.पी. सिंह, अधीक्षण यंत्री आर.के.सक्सेना सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## प. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद संस्थान परिसर में 50 बिस्तरीय सुपर स्पेशियलिटी वेलनेस सेंटर

**भोपाल।** आयुष विभाग ने भोपाल के पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद संस्थान परिसर में 50 बिस्तरीय पंचकर्म सुपर स्पेशियलिटी वेलनेस सेंटर की शुरूआत की है। इसके निर्माण पर 9 करोड़ रूपये की राशि खर्च की गई है। इसका निर्माण लोक निर्माण विभाग की पीआईयू एजेंसी ने किया है तथा आंतरिक साज-सज्जा का कार्य हाउसिंग बोर्ड द्वारा किया गया है। इस चिकित्सालय को बनाये जाने का मकसद जन-सामान्य को पंचकर्म चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराना है। इससे भोपाल में पंचकर्म आधारित वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा मिल रहा है। नवीन चिकित्सालय में उत्कृष्ट स्तर की पंचकर्म चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस केन्द्र में पंचकर्म के साथ, पर्सनलाइज्ड मेडिसिन, आयुर्वेद आहार (कस्टमाइज्ड डाइट), योग एवं ध्यान, फिजियोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। केन्द्र में आयुर्वेद की विशिष्ट नाड़ी परीक्षा, प्राकृतिक परीक्षा तथा आधुनिक लेब जाँचों की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। पंचकर्म केन्द्र में केरल के थेरेपिस्ट की सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई गई हैं।

# 2024 तक हर घर में नल से मिलेगा जलः परमार

## राज्य मंत्री ने ग्राम भैंसरोद से किया 19वें दिन की विकास यात्रा का शुभारंभ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि वर्ष 2024 तक सभी को पक्का आवास मिले, इसके लिए राज्य सरकार तेजी से कार्य कर रही है। वर्ष 2024 तक हर घर में नल से शुद्ध जल मिले, इसके लिए भी जलजीवन मिशन के तहत तीव्र गति से कार्य चल रहा है। शाजापुर जिले में कालीसिंध-नर्मदा लिंक परियोजना से वर्ष 2024 तक अपने हिस्से का पानी मिलने लगेगा। इस पानी का उपयोग सिंचाई एवं पेयजल के लिए किया जायेगा। वर्ष 2024 तक हर घर में नल से जल वितरित होगा। इसके लिए जलजीवन मिशन के तहत तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। यह बात प्रदेश के स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने आज शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में निकाली गयी विकास यात्रा के दौरान कही। राज्यमंत्री श्री परमार ने शाजापुर जिले की विधानसभा शुजालपुर के ग्राम भैंसरोद से तिरंगा ध्वज फहराकर 19वें दिन की विकास यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने गौमाता का पूजन भी किया। आज की विकास यात्रा शुजालपुर विधानसभा के ग्राम भैंसरोद, धतुरिया, गुलाना, कुड़ाना होते हुए ग्राम दास्ताखेड़ी पहुँची।

विकास यात्रा के दौरान ग्राम धतुरिया में 49 लाख 14 हजार रुपए लागत राशि से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र एवं 15 लाख रुपये की लागत राशि से बनने वाले महाकाल उद्यान का भूमिपूजन किया। श्री परमार ने ग्राम धतुरिया में ही 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा आधारित योजना से 4 लाख रूपये लागत से लगाई गई स्ट्रीट लाइट का लोकार्पण कर ग्रामवासियों को सौगात दी। उन्होंने ग्राम धतुरिया में संबल अन्त्येष्टी सहायता योजना के तहत 4 हितग्राहियों को 5-5 हजार रूपये की राशि भी प्रदान की। राज्य मंत्री श्री परमार ने ग्राम गुलाना में गुलाना से एबी रोड शाजापुर तक 8 करोड़ 64 लाख रुपये लागत से निर्मित 17.90 किमी लंबी सड़क का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम कुड़ाना में प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही श्रीमती गीताबाई पति राजाराम को नए आवास में गृह प्रवेश भी कराया। विकास यात्रा के दौरान सभी ग्रामों में राज्यमंत्री श्री परमार ने शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किया।।

वाटर फॉल राहतगढ़ का राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने किया निरीक्षण

# स्वच्छ, सुन्दर और सुरक्षित बने वाटर फॉल बनाना हमारा लक्ष्यः गोविंद सिंह राजपूत



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अधिकारियों के साथ राहतगढ़ वाटर फॉल में चल रहे सौंदर्यकरण एवं निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने कहा कि राहतगढ़ वाटर फॉल हमारी ऐतिहासिक धरोहर है जिसे सजाना और संवारना हमारा काम है। जिसको लेकर राहतगढ़ वाटर फॉल को स्वच्छ, सुन्दर और सुरक्षित बनाने के लिये लगातार कार्य चल रहा है। जगह-जगह पर नव निर्माण कार्य तथा सुरक्षा के लिये पाईप की रैलिंग लगाई जा रहीं है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिये अच्छे से अच्छी व्यवस्था तथा पेटिंग की जा रही है। श्री राजपूत ने कहा कि राहतगढ़ वाटर फॉल इतना सुन्दर पर्यटक स्थल बनेगा जिसे देखने के लिये प्रदेश से लोग आयेंगे जल्द ही यह कार्य पूरा हो जायेगा। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा नगर पालिका राहतगढ़, जनपद पंचायत राहतगढ़, पीएचई तथा फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

कमलनाथ का बयान मध्यप्रदेश को बदनाम करने की साजिश : अजय पाटीदार

# रोशनपुरा चौराहे पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने किया पूर्व मुख्यमंत्री का पुतला दहन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा मध्यप्रदेश को मदिरा प्रदेश कहे जाने के बयान पर गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी जिला भोपाल के युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रोशनपुरा चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कमलनाथ माफी मांगों के नारे लगाते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला दहन किया।

युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्री अजय पाटीदार ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का बयान जनता का अपमान है और मध्यप्रदेश को बदनाम करने साजिश है। पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा ऐसा बयान अपमानजनक है, पार्टी इसकी धोर निंदा करती है। उन्होंने कहा कि कमलनाथ को अपनी भाषा का उपयोग संयम के साथ करना चाहिए। यह विरोध प्रदर्शन कमलनाथ को यह सीख देगा कि वे मध्यप्रदेश सम्मान करें।

भोपाल के जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री का बयान उनकी ओछी सोच को दर्शाता है। वे जब से मुख्यमंत्री पद से हटे है उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। कमलनाथ प्रदेश के बाहरी व्यक्ति है जो मध्यप्रदेश की संस्कृति और विरासत को समझ नहीं सकते है। इसलिए लगातार मध्यप्रदेश को अपमानित करते रहते है। कमलनाथ ने प्रदेश की साढ़े 8 करोड़ जनता का अपमान किया है, इसके लिए उन्हें प्रदेशवासियों से माफी मांगना चाहिए।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय मंत्री विवेक शर्मा, राजेंद्र गुप्ता, दिव्य ॠषि तिवारी, अजय साहू, शांतनू गुरु, विवेक चौरसिया, अवनि शर्मा, जयंत भार्गव, सौरभ गंगारामनी सहित पार्टी एवं मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भारतीय सेना में अहीर यादव रेजिमेंट का गठन हो

## यादव समाज कि सौ वर्ष से अधिक पुरानी मांग

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




देश कि सुरक्षा और अखंडता बनाए रखने में यादव समाज का अनमोल योगदान रहा है। ब्रिटिश काल में देश कि रक्षा के लिए प्रथम एवं द्वितीय विश्व युद्ध रहा हो या चीन के साथ रेजांगला युद्ध या फिर पाकिस्तान के साथ युद्ध रहा हो हर मोर्चे पर यादव समाज ने शहादत दी है अपना शौर्य दिखाया है उन्ही वीर सैनिकों के सम्मान में यादव समान भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट का गठन हो इसकी मांग करता रहा है इसी हेतु दो यात्राएं भोपाल पहुंच रही है। प्रथम यात्रा, आठ दिवसीय अहीर रेजिमेंट जनजागृति यात्रा ग्वालियर से 19 फरवरी को प्रारंभ हुई है जो भोपाल दिनांक 25 फरवरी को पहुंच रही है जिसका मार्ग बैरसिया से करौद चौराहे पर भव्य स्वागत किया जायेगा करौद क्षेत्र वासियों द्वारा तत्पश्चात भुरानपुर चौराहा, शिव नगर छोला खेड़ापति हनुमान मंदिर, गणेश मंदिर, डीआईजी चौराहा, शाहजहानाबाद गेट, रॉयल मार्केट होते हुए यात्रा गुफा मंदिर लाल घाटी पर विश्राम करेगी। द्वितीय यात्रा 26 फरवरी को महू से प्रारंभ होकर इंदौर, देवास, सोनकच्छ, अष्टा, सीहोर होते हुए लाल घाटी चौराहे पर पहुंचेगी। दोनो यात्रा 26 फरवरी को लाल घाटी चौराहे से प्रारंभ होकर रॉयल मार्केट, कर्फ्यू वाली माता, मोती मस्जिद, चार बत्ती चौराहे काली मंदिर, जहांगीराबाद होते हुए एमवीएम कॉलेज खेल मैदान राज्यपाल भवन के पास पहुंचेगी जहां यात्रा का समापन भव्य समारोह के साथ होगा जिसमे देश के वीर सैनिक परमवीर चक्र विजेता योगेन्द्र यादव, ब्रिगेडियर प्रदीप यदू, देश के शहीद हुए हमारे देश गौरव शहीद परिवारजन रहेगे। राजनैतिक एवं सामाजिक बंधू पूर्ण रूप से यात्रा समापन को सैनिकों के सम्मान से देखते हुए मंच असिन नही करेंगे। यात्रा में पूरे प्रदेश से समाज बंधु भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट का गठन हो इसके लिए एकत्रित हो रहे है।

## रजक मालवीय समाज के धर्मगुरू संत गाडगे महाराज की जयंती पर कांग्रेसजनों ने पीसीसी में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की

**भोपाल।** कीर्तनकार एवं समाजसुधारक रजक मालवीय समाज के धर्मगुरू संत गाडगे जी महाराज की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभाकक्ष में कांग्रेसजनों ने आज उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया। अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह, समस्त प्रकोष्ठ के प्रभारी जेपी धनोपिया, मीडिया उपाध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता, प्रवक्ता अवनीश भार्गव, शहरयार खान,सैयद मुजफ्फर अली, अनीश खान गुड्डू, मनोज विश्वकर्मा, महेश नंद मेहर, मनोज वर्मा, अशोक चिंतामणि, रामविलास तिवारी, विजय अहिरवार, दशरथ अहिरवार, अशोक अहिरवार सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता एवं कार्यक्रम समन्वयक आनंद तारण ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा संत गाडगे जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला।

## सड़कों पर मवेशियों को छोड़ने पर जुर्माना लगेगा

भोपाल । सार्वजनिक सड़कों तथा सार्वनिक स्थानों पर मवेशियों एवं अन्य पशुओं को खुला छोड़ने अथवा बांधने पर एक हजार रूपये का जुर्माना लगाया जाएगा। राज्य शासन द्वारा इस संबध में मध्यप्रदेश नगरपालिका निगम अधिनियम-1956 में संशोधन आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश की धारा 358 के तहत मवेशियों अथवा अन्य पशुओं को सार्वजनिक सड़कों, स्थानों पर खुला छोड़ना अथवा बांधना या जानबूझकर उपेक्षापूर्वक किसी मवेशी को खुला छोड़ता, बांधता है जिसके कारण किसी व्यक्ति को क्षति होती है या संपत्ति को नुकसान होता है या लोक यातायात को बाधा पहुंचती है या संकटापन्न होता है या लोक न्यूसेंस पैदा होता है तो राज्य सरकार द्वारा एक हजार रूपये का जुर्माना दंडनीय होगा।

## परिवहन विभाग की सरल समाधान योजना 31 मार्च तक

भोपाल । राज्य सरकार के परिवहन विभाग द्वारा मोटरयान कर तथा शास्ति की राशि के भुगतान में छूट प्रदान करने के लिए सरल समाधान योजना प्रारंभ की है। पंजीकृत समस्त प्रवर्गो एवं आयु सीमा के मोटरयानों के अधिसूचना के प्रकाशन की 30 सितम्बर 2022 को बकाया मोटरयान कर एवं शास्ति की राशि के भुगतान में 31 मार्च 2023 तक एकमुश्त जमा कराए जाने पर उनके बकाया मोटरयान कर की शास्ति पर पूर्णत: और उनके बकाया मोटरयान कर की राशि पर छूट प्रदान की गई है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सरल समाधान योजना के तहत 30 सितंबर 2022 को 5 वर्ष तक पुराने पंजीकृत वाहन के शोध्य मोटरयान कर की राशि पर 10 प्रतिशत एवं 30 सितंबर 2022 को 5 वर्ष से अधिक किंतु 10 वर्ष से अधिक पुराने पंजीकृत वाहन की कर राशि पर 20 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार 30 सितंबर 2022 को 10 वर्ष से अधिक पुराने पंजीकृत वाहन पर 30 प्रतिशत की छूट तथा 30 सितंबर को 15 वर्ष से अधिक पुराने पंजीकृत वाहन, जिनके वाहन स्वामी अपने वाहन का स्वेच्छा से पंजीकरण निरस्त कराना चाहते हैं, उनको 90 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए वाहन स्वामी को कुल बकाया राशि को एकमुश्त जमा कराना होगा। 30 सितम्बर 2022 तक किसी वाहन पर मोटरयान कर एवं शास्ति की बकाया राशि में से शास्ति की राशि पर पूर्णत: छूट प्रदान की जाएगी तथा उक्त वाहन के बकाया मूल मोटरयान कर पर निर्धारित आयु वर्ग अनुसार निर्धारित दर पर छूट प्रदान की जाएगी। वाहन संचालकों को इस योजना का लाभ लेकर उनके बकाया मोटरयान कर की राशि को जमा करने के लिए एमपी ट्रांसपोर्ट पोर्टल पर योजना प्रारंभ है, जिसकी सहायता से वाहन संचालक सरल समाधान योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# हिंदी के लोकप्रिय नाटक शराफत तेरी ऐसी तैसी का अब सिंधी में होगा मंचन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

हिंदी भाषा के लोकप्रिय नाटक शराफत तेरी ऐसी तैसी का अब सिंधी भाषा में नाट्य मंचन रविवार को होने जा रहा है। अखंड सिंधु संसार विचार मंच के सम्मान समारोह के अवसर पर रविवार 26 फरवरी को शहीद भवन में यह मंचन शाम छह बजे से होगा। राजधानी में संस्था का यह 23 वां नाट्य एवं सम्मान समारोह है।

फिल्म अभिनेता और सिंधी,हिंदी के वरिष्ठ नाट्य निर्देशक अशोक बुलानी के निर्देशन में सिंधी रंग समूह संस्था के कलाकार भावना जगवानी ,राकेश शेवानी गुल और मीना पहलाजानी ज्योति चावला, कल्पना चंदानी लखन पर्यानी ,तन्मय वासवानी,विजय ज्ञानचंदानी, पिंकी लालवानी, जानवी भावनानी ,अमीषा वाधवानी सिन्धी नाट्क 'माउ मुई शराफत जी' (शराफत तेरी ऐसी तैसी) का मंचन करेंगे।

संगीत संयोजन उत्कर्ष का है। इस अवसर पर स्व. किशन बजाज सिंधी पत्रकारिता पुरस्कार से मंदसौर के युवा पत्रकार अनिल संगवानी को, स्व श्री छांगोमल लालवानी समाजसेवी सम्मान से इन्दौर के वरिष्ठ समाजसेवी किशोर कोडवानी को, स्व दादी कौशल्या लखानी कला सम्मान से सुप्रसिद्ध अदाकारा, मंच संचालिका कविता इसरानी,भोपाल को एवं अखण्ड सिंधू संसार वरिष्ठ रंगकर्मी सम्मान से वरिष्ठ कलकार सुरेश पारवानी,भोपाल और प्रो एस. एन. मनवानी स्मृति स्मारिका/पत्रिका पुरस्कार , सिंधु दर्पण स्मारिका के संपादक श्री संजय खूबचंदानी,कटनी को दिया किया जायेगा। सम्मान समारोह का संचालन आल इंडिया रेडियो से जुड़ी एंकर हर्षा मूलचन्दानी करेंगी। अखंड सिंधु संसार विचार मंच के अध्यक्ष अनुराग लालवानी ने बताया कि अखण्ड सिंधू संसार विचार मंच ने सिंधी कलाकारों का मंच प्रदान करने एवं समाज में सिंधी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए 23 वर्ष पहले नाट्य एवं सम्मान समारोह की शुरूआत की थी। संस्था ने भोपाल के अलावा प्रदेश के अनेक शहरों में नाटक मंचन,व्याख्यान और सम्मान समारोह के सफल आयोजन किये हैं।

## कमलनाथ का बयान प्रदेश की जनता का अपमान : शर्मा



**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मध्यप्रदेश को मदिरा प्रदेश कहे जाने के बयान की निंदा की है। शर्मा ने कहा कि कमलनाथ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे है, एक जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा इस प्रकार का बयान देना कि मध्य प्रदेश मंदिरा प्रदेश है यह मध्यप्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता का अपमान है। कमलनाथ के इस बयान ने पूरे मध्यप्रदेश को ठेस पहुंचाई है जिसके लिए उन्हें प्रदेश की जनता से माफ़ी मांगनी चाहिए।ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में सरकार ने यह तय किया कि समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठकर सरकार की नीति का निर्धारण हो। आबकारी नीति को लेकर समाज के प्रबुद्धजनों के साथ सरकार ने चर्चा की और उसी के आधार पर समाज हित में नई आबकारी नीति बनायी गयी है। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ इस नीति का स्वागत करने के बजाए आलोचना कर रहे है, जो कि समक्ष से परे है।

# एम्स में पुस्तकालय के स्थापना दिवस पर प्रदर्शनी एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम्स के डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पुस्तकालय में आज इसके स्थापना दिवस (23 फ़रवरी) के अवसर पर राजभाषा पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय कार्यपालक निदेशक प्रो (डॉ.) अजय सिंह के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में चिकित्सा विज्ञानं के क्षेत्र में हिंदी में प्रकाशित पुस्तकों को सम्मिलित किया गया। आयोजित प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य संस्थान में राजभाषा (हिंदी) को बढावा देना तथा मेडिकल फील्ड में हिंदी माध्यम के छात्रों को उनके पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकों को हिंदी में उपलब्द्ध कराना है।

इस प्रदर्शनी में एम्स भोपाल के संकाय सदस्यों, रेज़िडन्ट डॉक्टर, मेडिकल एवं नर्सींग के छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि यह एक नया अनुभव है जहां उन्हे राजभाषा के विस्तृत साहित्य के बारे में पता चल रहा है। इन पुस्तकों में चिकित्सा विज्ञान, हिन्दी साहित्य, भारत वर्ष के इतिहास एवं हमारे महापरूषों के जीवन अनुभव एवं उनकी आत्मकथा एवं जीवनी शामिल हैं । इसके साथ ही पुस्तकालय में उपलब्द्ध ऑनलाइन रिसोर्सस का वेबिनार आयोजित किया गया जो कि सभी उपयोगकर्ताओं के लिए लाभकारी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ डीन (छात्र कल्याण),उपनिदेशक प्रशासन,चिकित्सा अधीक्षक, अध्यक्ष एवं सदस्य पुस्तकालय समिति तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आयुष्मान भारत के तहत एम्स में 15000 मरीज हुए लाभान्वित

**भोपाल।** आयुष्मान भारत योजना स्वास्थय एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आयुष्मान भारत मिशन के तहत एक केंद्र प्रायोजित योजना है। एबी-पीएमजेएवाय को भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 23 सितंबर 2018 को लॉन्च किया गया था। एबी-पीएमजेएवाय को सितंबर 2019 में एम्स, भोपाल में शुरू किया गया था और तब से अब तक एम्स, भोपाल में आयुष्मान भारत के तहत 15000 मरीज लाभान्वित हो चुके हैं। इन रोगियों का अस्पताल में निःशुल्क इलाज किया गया और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के संबंधित प्राधिकारी द्वारा 50 करोड़ रुपये की पूर्व-अनुमति प्रदान की गई। पिछले छह महीनों में अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत 5577 मरीजों को कवर किया गया। इस योजना के तहत सरकार द्वारा निर्धारित मानदंड में आने वाला कोई भी परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक के इलाज का लाभ उठा सकता है। एम्स, भोपाल में इस योजना के तहत नामांकित मरीजों की संख्या में प्रतिवर्ष निरंतर वृद्धि देखी जा रही है।

## नर्सिंग कॉलेज एम्स ने संकाय अकादमिक बैठक आयोजित की

**भोपाल।** नर्सिंग कॉलेज, एम्स भोपाल द्वारा शाम 4.00 से 5.00 बजे तक स्वास्थ्य का प्रसार नर्सिंग दृश्यता का विस्तार विषय पर एक संकाय अकादमिक बैठक की मेजबानी की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. सैकत दास, सह डीन (नर्सिंग एवं पैरामेडिक्स) ने की, इसे नर्सिंग और सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र की विभिन्न उपलब्धियों और प्रगति को दर्शाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। वक्ताओं ने स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए नर्सिंग कार्यबल तैयार करने और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में करुणा की कला को पुनर्जीवित करने में नर्सिंग की भूमिका पर अपने विचार साझा किए । राजरतन ने वृत्तचित्र प्रस्तुत किया, डॉ. मैक्सी मार्टिस और श्रीमती नसीमा शफकत इसकी वक्ता थीं, डॉ. ममता वर्मा ने आदिवासी और सामुदायिक क्षेत्रों में नर्सों की भूमिका के गुणात्मक मूल्यांकन पर अपना पीएचडी शोध पत्र साझा किया । उन्होंनें हाल ही में विश्व कांग्रेस, फारो पुर्तगाल में अपना पीएचडी शोध पत्र प्रस्तुत करने के अनुभव भी साझा किए।यह संकाय अकादमिक बैठक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए नर्सिंग क्षेत्र में हुई विभिन्न प्रगति और योगदान के बारे में जानकारी प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट अवसर थी।

## स म्पा द की य

# सड़क दुर्घटनाओं का देश!

देश में साल 2021 में हर घंटे 18 लोगों ने सड़क हादसों में अपनी जान गंवाई। हर रोज़ औसतन 1130 हादसों में 422 लोगों की मौत हुई। 2021 में 4 लाख 12 हज़ार 432 रोड एक्सीडेंट हुए, जिनमें 1 लाख 53 हज़ार 972 लोगों की जान चली गई और 3 लाख 84 हज़ार 448 लोगों को चोटें आईं। 2021 के दौरान सीट बेल्ट न लगाने पर सड़क हादसे में 16 हज़ार 397 लोग मारे गए। इनमें ड्राइवर की संख्या 8,438 रही। वहीं 7,959 अन्य यात्रियों की मौत हुई। हेलमेट न पहनने पर हादसे में घायल होने वाले लोगों की गिनती 93,763 बताई गई है. और इसके अलावा सीट बेल्ट न लगाने पर हादसे में घायल लोगों की कुल संख्या 39,231 बताई गई।

रिपोर्ट का दावा है कि 2019 की तुलना में 2021 में सड़क हादसों की संख्या में 8 फीसदी कम हुई है। वहीं घायलों की संख्या में भी 14 फीदसी की कमी आई है, लेकिन यह कमी राहत वाली तो नहीं है। और हां, 2019 की तुलना में 2021 में सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या में 1.9 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यह ज्यादा खतरनाक है, क्योंकि हादसे कम होने के साथ-साथ मौतों का आंकड़ा भी कम होना चाहिए। राज्यों की बात करें तो पता चलता है कि साल 2021 में उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा सड़क हादसे हुए। उत्तर प्रदेश के बाद तमिलनाडु, महाराष्ट्र और राजस्थान का नंबर आता है।

मंत्रालय की रिपोर्ट में साफ़ कहा गया है की इन सड़क हादसों के पीछे शराब पीकर गाड़ी चलाना, गलत दिशा में गाड़ी चलाना, लाल बत्ती पार करना और गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल फोन के इस्तेमाल से कुल हादसों में से 8.2 प्रतिशत मौतें हुई हैं। इसमें उल्लेख करने वाली बात यह है कि 67.5 प्रतिशत हादसे सीधी सड़कों पर हुए, जबकि घुमावदार और खराब सड़कों पर 13.9 फीसदी हादसे हुए। मध्यप्रदेश में भी हादसे भले ही कुछ राज्यों से कम हुए, लेकिन अभी भी ज्यादा हो रहे हैं।

खड़े ट्रक या बस में टकराने से होने वाली घटनाओं की संख्या में कमी होते नहीं दिख रही है। ऐसी रिपोर्ट ये जरूर दिखाती है कि हेलमेट न पहनने या सीट बैल्ट न बांधने के कारण इतनी दुर्घटनाएं या मौतें हुई हैं, लेकिन यह नहीं बताया जाता कि सड़क निर्माण में तकनीकी गलतियों के साथ ही हाइवे पुलिसिंग की कमी, समय पर इलाज न उपलब्ध हो पाने के कारण भी बड़ी संख्या में मौतें होती हैं। शहरों के अंदर होने वाली दुर्घटनाओं में तो यातायात और ऐसी स्थानीय खामियां भी बड़ा कारण हैं, लेकिन इन पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। यातायात विभाग और सरकार ले दे कर हेलमेट और सीट बैल्ट पर आ जाती है।

हाइवे पर दुर्घटनाओं की सबसे ज्यादा संख्या देर रात से तड़के सुबह तक होती देखी जाती हैं। इसे रोकने के लिए उन दो-तीन घंटों में या तो वाहन चलाना ही बंद कर देना चाहिए, या फिर कुछ देर ब्रेक लेने के बाद फिर गाड़ी चलाना चाहिए। अचानक आने वाली झपकी सबसे ज्यादा खतरनाक होती है। और शहरों में तो सीधे तौर पर सड़क और यातायात की खामियां सबसे ज्यादा दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार होती हैं। इनसे बचने के लिए भी सरकार से लेकर तमाम स्वयंसेवी संस्थाओं को भी गंभीरता से उपाय करने होंगे।

# जुबानी जमा खर्च, सियासत-धर्म और सेवा का मर्ज़

**सरयूसुत मिश्रा**

सुप्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास सरकारी खर्चे पर मध्यप्रदेश में राम कथा कहने आए थे लेकिन अनपढ़ और कुपढ़ की ऐसी कथा उन्होंने बांची कि अब उनके पोस्टरों पर कालिख पोती जा रही है. दूसरी तरफ कांग्रेस ने जुबानी बखेड़ा खड़ा कर रखा है. पवन खेड़ा के जुबानी बखेड़ा ने कईयों की भावनाएं आहत की तो उनकी गिरफ्तारी की प्रक्रिया रची गई. विमान पर चढ़ते हुए उन्हें रोका गया फिर अदालत में पेश किया. कांग्रेस भी एक्शन करने वाली एजेंसियों से तेज निकली और सुप्रीम कोर्ट से जमानत ले ली।

खेडा का बखेड़ा तो निश्चित रूप से निंदनीय कहा जाएगा उन्होंने मीडिया के सामने अपनी बात रखते हुए प्रधानमंत्री के नाम के साथ ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया जो सियासत में सामान्यता नहीं होता. कुमार विश्वास के खिलाफ राष्ट्रीय स्वयं संघ के कार्यकर्ता सड़कों पर आ गए हैं. उन्होंने वामपंथियों को कुपढ़ तो संघ को अनपढ़ कहने का दुस्साहस किया है।


चाहे नेता हो चाहे अभिनेता हों, चाहे धर्म के विक्रेता हों, चाहे सेवा का पुरोधा हों, सब के सब फेम के लिए ही जीवन खपा रहे हैं. टीआरपी का जमाना है. सियासत में भी टीआरपी उसी की है जो बोलना जानता है. हमें सिखाया जाता है कि वाणी ऐसी बोलना चाहिए जो सभी को अच्छी लगे. किसी को बुरी लगने वाली बात करने से हर व्यक्ति को बचना चाहिए लेकिन आज समाज में इसके विपरीत खुलेआम आचरण हो रहा है. ऐसा नहीं है कि कोई एक आदमी कर रहा है, हर तरफ ऐसा ही बोलबाला है।

थोड़े समय पहले की बात है. जब आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत के जाति से जुड़े बयान पर विवाद पैदा हो गया था. पंडितों की ओर से गंभीर प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी. धीरे-धीरे यह विवाद शांत हुआ और अब कवि कुमार विश्वास ने नया विवाद पैदा कर दिया है. अंधे को अंधा नहीं कहना हमारी संस्कृति है. हम उसे सम्मान से सूरदास कहते हैं. किसी को अनपढ़ या कुपढ़ का प्रमाण पत्र देने वाला कोई भी कौन हो सकता है? कुमार विश्वास प्रसिद्ध कवि हैं. उनमें अपनी बात कहने और लोगों तक अपनी भावनाओं को पहुंचाने की कला है. प्रकृति की इस देन का सदुपयोग तो समझा जा सकता है लेकिन उनकी इस तरह की टिप्पणियां उसके दुरुपयोग की श्रेणी में ही आएंगी।

शब्द और भाषा ही विचारों को प्रकट करने का माध्यम है. सियासत में आज ऐसा दौर चल रहा है कि कौन ऐसे शब्दों और भाषा का उपयोग करे जो पहले कभी किसी ने उपयोग न किया हो. ऐसे-ऐसे डायलॉग चुनकर दिए जाते हैं जो मीडिया में प्रमुखता पा सकें. राजनेताओं के भाषणों के लिए विशेषज्ञ नियुक्त किए जाते हैं. ऐसे विशेषज्ञ नेताओं को हर दिन ऐसे डायलॉग उपलब्ध कराते हैं कि जिनको बोलने से मीडिया में अच्छा स्पेस मिल सके। हमारे समाज की कुछ प्रवृत्ति ही ऐसी है कि सकारात्मकता को उतना स्थान नहीं मिल पाता जितना नकारात्मकता को मिलता है. नेगेटिव रोल को याद रखा जाता है और पॉजिटिव रोल को भुला दिया जाता है. शायद इसीलिए सभी क्षेत्रों में जुबान और नेगेटिव नेरेटिव सेट करने की प्रवृत्ति हो गई है।

हेट स्पीच इसका उदाहरण है. विभिन्न समुदायों के बीच हेट स्पीच के मामले कितना गंभीर रूप लेते हैं यह हमने कई बार देखा है. बीजेपी की प्रवक्ता द्वारा इस्लाम के विरुद्ध की गई टिप्पणियों पर न केवल राष्ट्रव्यापी बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिक्रिया देखने को मिली थी. उसके बाद पूरे देश में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच जिस तरह का वातावरण बना था उसको सामान्य बनाने में बहुत लंबा समय लगा है। कुमार विश्वास पंडित हैं. हो सकता है पंडित होने के कारण ही उन्होंने अनपढ़ और कुपढ़ के अपने ज्ञान को





कथा में रखा हो लेकिन अब तो कुमार विश्वास मध्यप्रदेश में ऐसे विवादित हो गए हैं कि सरकारी कार्यक्रम आयोजित करने वाले लोगों की भी खैर नहीं है. सरकार के कार्यक्रम में एक ऐसे संगठन के खिलाफ टिप्पणी की गई है जिसे सरकार का निर्माता माना जाता है. कितनी आश्चर्यजनक स्थिति है कि नफरत और कट्टरता को मुद्दा बनाकर शांति और सद्भाव का संदेश देने की कोशिश करने वाले भी नफरत के जुबानी शोले ही बरसाते देखे जाते हैं।

सियासत के साथ ही धार्मिक जगत से जुड़े लोग भी रास्ते से भटकते हुए दिखाई पड़ रहे हैं. इस तरह के जुबानी दंगों से न सियासत का कोई लाभ होता है और ना ही धर्म को कोई लाभ होता है. इसका इतना ही लाभ होता है कि जुबानी बखेड़ा करने वाले व्यक्ति को नेगेटिव पब्लिसिटी का लाभ मिल जाता है।

निरर्थक बात आम स्वभाव होता है. कोई भी व्यक्ति पूरे 24 घंटे जितनी बातचीत करता है उसका अगर वास्तविक उपयोगिता की दृष्टि से आकलन किया जाए तो उसमें 80त्न बातचीत निरर्थक ही होती है. अगर यह बातचीत नहीं की जाए तब भी उस व्यक्ति के जीवन में कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा. बोलने से ऊर्जा का जो नुकसान होता है अगर उसको बचाया जाए और निरर्थक बोलना बंद कर दिया जाए तो जीवन में सार्थकता का विकास होता है।

निरर्थक बोलने वाला सार्थक कुछ समझ भी नहीं सकता. इसके साथ ही ज्यादा बोलने वाला भी अक्सर निरर्थक ही बोलता रहता है. ज्यादा बोलने वाले को ऐसा लगता होगा कि उसकी बात कोई सुन रहा है लेकिन सामान्यत: सुनने वाला केवल सुनता दिखाई पड़ता है लेकिन वह सुनता कुछ भी नहीं है. अब कमलनाथ को ही देख लीजिए अपनी राजनीति के लिए उन्होंने मध्यप्रदेश को मदिरा प्रदेश का नाम दे दिया है. उनके इस बयान से भी प्रदेश की सियासत में बखेड़ा हो गया है।

सियासत में जुबानी बखेड़ा तो शायद कम नहीं हो सकेगा लेकिन धर्म से जुड़े लोग जरूर धार्मिक प्रसंगों को विवादों से दूर रखेंगे. ऐसे विवादास्पद वक्तव्य धर्म को ही नुकसान पहुंचाते हैं. जगत की सच्चाई को समझना हो तो पूर्व में उस क्षेत्र की स्थापित शक्तियों और उनके भी नष्ट होने के इतिहास को याद रखने की जरूरत है. आज स्वयं को श्रेष्ठ और दूसरे को निम्न साबित करने की होड़ मची हुई है।

यह बात कितनी सारगर्भित है कि-

तुम से पहले जो शख्स यहां तख्तनशी था..!
उसको भी अपने खुदा होने का इतना ही यक़ीं था..!!

सियासत-धर्म और सेवा के क्षेत्र में जुबानी बखेड़े के पीछे यही सोच काम करती है।

# कोल महाकुंभ से सधेगा आदिवासी समुदाय

**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

सतना में 24 फरवरी 2023 को कोल महाकुंभ का आयोजन हो रहा है, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शार्मा?ल होंगे। यह माना जा रहा है कि अमित शाह की सतना में मौजूदगी से विंध्य के बिगड़े समीकरण सुधारने की कवायद की जा रही है। मध्यप्रदेश में चुनावी साल में कोल महाकुंभ के जरिए विंध्य के कोल समाज को कमलमय? करने की कवायद है।

विंध्य में कोल समाज बहुतायत में है और कई विधानसभा सीटों पर निर्णायक भूमिका में है। ऐसे में वर्तमान में विंध्य की 30 विधानसभा सीटों में से 24 पर अपने कब्जे को भाजपा बरकरार रखना चाहती है, जिसके लिए कोल महाकुंभ जैसे समागम बहुत जरूरी हैं। लेकिन समग्रता और दूरदर्शिता से नजर डाली जाए तो भाजपा प्रदेश ही नहीं देश के आदिवासी समुदाय में यह स्थायी भरोसा पैदा करना चाहती है कि आदिवासी सम्मान और आदिवासी विकास की जितनी चिंता भाजपा को है, उतनी किसी दूसरे दल को नहीं है। फिर चाहे कोल आदिवासी हों, भील हों या फिर गौंड आदिवासी सहित अन्य जनजातीय समुदाय हों। मध्यप्रदेश में चुनावी साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे जी-20 समिट के आयोजन में हो चुके हैं। पर शाह के दौरे के साथ यह माना जा सकता है कि पार्टी के बड़े नेताओं के प्रदेश के चुनावी दौरे प्रारंभ हो गए हैं। यह माना जा रहा है कि वर्षा से पहले समूचे प्रदेश में भाजपा के बड़े नेताओं की सभा होगी। ताकि अक्टूबर-नवंबर में पार्टी की राह सुगम रहे और दिसंबर में सत्ता पर कब्जा आसानी से बरकरार रहे।

शाह के दौरे को शबरी जयंती से भी जोड़ा जा रहा है। मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीराम समेत माता शबरी की पूजा-उपासना की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि त्रेता युग में फाल्गुन माह में कृष्ण पक्ष की सप्तमी को भगवान श्रीराम की भेंट माता शबरी से हुई थी। इस अवसर पर माता ने आश्रम में भगवान श्रीराम को स्वागत सत्कार में जूठे बेर खिलाए थे। भगवान श्रीराम ने बड़े ही चाव से जूठे बेर खाए थे। जूठे बेर खिलाने के पीछे शबरी की राम के प्रति प्रेम भावना छिपी थी। और अब राजनैतिक दल के नाते और सत्ता में काबिज भाजपा मां शबरी सहित आदिवासी जननायकों, आराध्यों, वीरों के प्रति अपने प्रेम का प्रकटीकरण उनके प्रति सम्मान प्रकट करके कर रही है। ऐसे आयोजन आदिवासी समुदाय का भरोसा जीतने का जतन ही है। ऐसे में कोल महाकुंभ के जरिए पूरे आदिवासी समुदाय को साधने में सफलता मिलेगी।

भारतीय जनता पार्टी ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में उतारा था, तभी से साफ हो गया था कि अब संगठन आदिवासियों को अपनी राजनीति के केंद्र में लाना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संथाल विद्रोह के नायक बिरसा मुंडा की जयंती यानी 15 नवंबर को पूरे देश में 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने की शुरुआत मध्यप्रदेश से ही की थी। मध्य प्रदेश में 'पंचायत-अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार-अधिनियम' यानी 'पेसा' क़ानून लागू हो गया है। आदिवासी नायक रघुनाथ शाह, शंकर शाह, रानी कमलापति, टंट्या भील आदि की प्रतिमाएं स्थापित करने की बात हो या फिर इनके नाम पर स्थानों, संस्थानों का नामकरण और बड़े आयोजन कर भाजपा आदिवासी हितैषी होने की बड़ी लकीर खींच रही है। इसी क्रम में कोल महाकुंभ का आयोजन भी शामिल है जो आदिवासियों को साधने में भाजपा का बड़ा कदम माना जा सकता है।

# विन्ध्य भौतिक और सांस्कृतिक कायांतरण से गुजर रहा है इसे महसूसिए और सराहिए भी..!

**जयराम शुक्ल**

यह विन्ध्य के भौतिक और सांस्कृतिक कायांतरण का दौर है। एक ओर रीवा एयरपोर्ट का शिलान्यास हो रहा था तो दूसरी ओर सुविख्यात कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म एवं नाट्य समारोह की तैयारी चल रही थी। पखवाड़े भर पहले जब मुख्यमंत्री सिंगरौली में मेडिकल कालेज की नींव का पत्थर रख रहे थे तब सीधी शहर में ऐसे ही रंगमंचीय उत्सव की धूम थी।

सीधी का रंगजगत तो देशभर के रंगकर्मियों को चुँधियाए हुए रखता है। पहले सीधी जाने के लिए टेढ़े-मेढ़े होकर मोहनिया या छुहिया से जाना पड़ता था। अब एक टनल ने उसे सीधा कर दिया। पहाड़ को छेदकर बनाई गई तीन किलोमीटर यह टनल अपनी संरचना की दृष्टि से विश्वस्तरीय है। जो इस टनल से गुजरता है बिना सेल्फी लिए आगे नहीं बढ़ता। टनल के उत्तरी द्वार में देश का सबसे बड़ा सोलर पार्क है। पहाड़ी से देखेंगे तो लगेगा कि अलसी के फूलों का खेत लहलहा रहा है। गर्मी के दिनों में तो किसी झील की मृगमरीचिका लगती है।

24 फरवरी को सतना में मेडिकल कालेज का शुभारंभ करने मुख्यमंत्री जी और देश के गृहमंत्री जी पधार रहे हैं। शहडोल का मेडिकल कालेज वर्ष 2018 से ही प्रारंभ है। उससे एक साल पहले शहडोल में पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय भी शुरू हो चुका है। अनूपपुर जिले के अमरकंटक में केन्द्रीय विश्वविद्यालय है ही। बस सीधी बचा है जो अबतक अपने सीधेपन का शिकार होता आया।

चुरहट के कुँवर अर्जुन सिंह जब मानव संसाधन मंत्री थे तब उन्होंने देशभर में आईआईटी, आईआईएम संस्थाओं की सौगातें दीं। विश्वविद्यालयों को केन्द्रीय दर्जा दिया। पता नहीं क्यों वे अपने गृह जिले से परहेज करते रहे..? सीधी अपने सीधेपन की वजह से मारा जाता रहा है, जबकि यह अद्भुत मेधा संपन्न इलाका है, भौतिक और प्राकृतिक रूप से। तीसरी-चौथी शताब्दी में बाणभट्ट ने सोन के तीरे भँवरसेन में 'कादंबरी' की रचना की। जिस तरह टमस के किनारे बाल्मीकि को सृष्टि का पहला महाकाव्य रामायण रचने का श्रेय है वैसे ही बाणभट्ट की कादंबरी को संस्कृत का पहला फिक्शन लिखने का श्रेय जाता है। यहीं घोघरा में अद्भुत मेधा के धनी 'बीरबल' का भी जन्म हुआ जिसे 'अकबर' ने अपने दरबार में रत्न बनाकर रखा। सीधी के युवा ठहराव के बाँध को तोड़ रहे हैं उम्मीद करता हूँ कि 'बीरबल' की स्मृति में भी कुछ सांस्कृतिक समारोह शुरू करेंगे।

जब घूरे के दिन फिर रहे हैं तो सीधी के दिन क्यों नहीं फिरेंगे..? वहाँ भी मेडिकल कालेज, आईआईटी और आईआईएम चाहिए। महानगरों की बपौती नहीं है। छोटे कस्बे भी बड़े सपने देखने के अधिकारी हैं। बस नीतिनियंताओं तक इसकी खनक पहुँचनी चाहिए। साल दो साल के भीतर जब ललितपुर-सिंगरौली रेललाइन खुल जाएगी और रीवा एयरपोर्ट उड़ान भरने लगेगा तब कोई 200 किमी की परिधि में जो भौतिक कायांतरण देखने को मिलेगा उसकी कल्पना आज हम कर सकते हैं।

अभी हाल ही 18 फरवरी को मशहूर अदाकार रजामुराद रीवा के फिल्मफेस्टिवल में थे। उनका रीवा से गहरा नाता है। उन्हें 1 नवंबर 1972 की तारीख भी याद थी जब वे जोगिंदर की फिल्म 'बिंदिया और बंदूक' की शूटिंग में आए थे और कोई दो महीने रीवा में ही मुतबातिर रहे। वे प्रयागराज होते हुए रात को यहाँ पहुंचे। उन्होंने ने रीवा के कायांतरण पर शानदार काम्प्लीमेंट दिया। फिल्म फेस्टिवल के बतौर मुख्य अतिथि बोले- 52 साल बाद रीवा आया हूँ। रात को शहर प्रवेश करते समय जगमगाती लाइट्स, फ्लाईओवर, चौड़ी सड़कों को देखकर लगा जैसे अपना रीवा मुंबई का ही टुकड़ा हो। और इस आडिटोरियम के सामने तो मुंबई के बड़े-बड़े प्रेक्षागृह भी फीके हैं। रजा साहब भोपाल के मूल निवासी हैं और इस बात से अपडेट हैं कि विन्ध्य के भौतिक और सांस्कृतिक कायांतरण के पीछे जिस एक शख्स की भूमिका है उसका नाम राजेन्द्र शुक्ल है। उन्होंने श्री शुक्ल के प्रयासों की खुले दिल से सराहना की। राजेन्द्र शुक्ल 2004 से विधायक हैं। 2004 में जन्मी पीढ़ी इसबार वोट देने की हकदार होगी। उसके सामने आज का रीवा और गुजरे समय के रीवा के किस्से होंगे।




बहरहाल रजा साहब ने फिल्मकार जोगिंदर को बड़ी आत्मीयता के साथ याद किया। यह बताने में कोताही नहीं बरती कि उनकी फिल्म 'बिंदिया और बंदूक' ने उन्हें अभिनय का इतना बड़ा वितान दिया कि वे 583 फिल्मों में बतौर अभिनेता परदे पर आए।

जोगिंदर रीवा के हैं। 1970 में फिल्मों में जाने से पहले वे रीवा के प्रतिष्ठित व्यवसायी थे। उनकी माइको-बास की एजेंसी थी जिसका व्यवसाय क्षेत्र पूरे विन्ध्यप्रदेश तक फैला रहा। जोगिंदर को रीवा भले ही भूल गया हो लेकिन जोगिंदर जीते जी अपने इस प्यारे शहर को नहीं भूले। 1971 से1976 तक उन्होंने लगातार सात फिल्में यहाँ शूट कीं। तब रीवा में न रेल हेड था और हवाई जहाज का तो सवाल ही नहीं उठता। वे बड़े-बड़े फिल्म स्टार्स को यहां खींच लाए। रजा मुराद खुश थे कि वे अगली बार हवाई जहाज से सीधे रीवा लैंड करेंगे। उन्होंने जोगिंदर को याद करते हुए कहा- उनका प्रोडक्शन हाउस 'अपोलो इन्टरनेशनल' सिनेमा की नई प्रतिभाओं के लिए लांचपैड की मानिंद था।

बालीवुड में खुद भी निपोटिज्म का दंश झेल चुके जोगिंदर ने नए संघर्षरत कलाकारों को काम दिया दिया, सीन लिखवाए, संगीत बनाने के अवसर दिए। जोगिंदर को बालीवुड ने 'सी' ग्रेड का निर्माता-निर्देशक-अभिनेता कहकर भले ही खारिज किया हो लेकिन उन्होंने बालीवुड में फिल्म के नए सब्जेक्ट और कल्ट दिया। हालीवुड के एक क्रिटिक ने यहाँ तक लिखा कि साइकिक विलेन का जो किरदार जोगिंदर ने रचा बालीवुड आज भी उसी की गिरफ्त में है। रंगाखुश के शेड्स गब्बर सिंह में देखने को मिलेगा तो 'मिस्टर इन्डिया' के मोगैम्बो में भी। 'चाइना गेट' फिल्म का 'जगीरा' रंगाखुश का ही विस्तार है। फिल्मफेस्टिवल में एक दिन 'ट्रिब्यूट टू जोगिंदर' के नाम रहा।

फिल्ईम फेस्टिवल में देशी-विदेशी फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई लेकिन डा.योगेन्द्र चौबे की फिल्म 'गाँजे की कली' खास रही। डा. चौबे स्वयं यहां उपस्थित रहे। अमृता प्रीतम की कथा को छत्तीसगढ़ी में शानदार तरीके से ढाला। फिल्म में हबीब साहब के नया थियेटर के अभिनेताओं दीपक तिवारी और पूनम तिवारी मुख्य अभिनेता रहे। एनएसडी पास आउट राजगढ के डा. चौबे सिने जगत में वैसे ही संभावनाएं पैदा करते हैं जैसे कि सतना के अशोक मिश्र। श्याम बेनेगल के प्राय: हर फिल्म प्रोजेक्ट्स के स्क्रिप्ट राइटर श्री मिश्र आज की तारीख में बालीवुड में अपनी लेखन विधा में सर्वश्रेष्ठ है। उनकी नई फिल्म 'कटहल' में उनकी प्रतिभा देख सकते हैं।

यद्दपि कुमुद मिश्र इस फेस्टिवल में नहीं आए पर उनकी चर्चा रही। चाकघाट के समीप एक गाँव में जन्मे कुमुद आज बालीवुड में मनोज वाजपेयी, पंकज त्रिपाठी के साथ गांव से निकली प्रतिभाओं की त्रयी के हिस्सा है। उन्हें हर दूसरी फिल्मों या बेव सिरीज़ में देखा जा सकता है। फिल्म फेस्टिवल की शुरूआत सतना के ही स्वर्गीय सभाजीत शर्मा की फीचर फिल्म 'रक्तचंदन' की स्क्रीनिंग के साथ हुई। श्री शर्मा ने 1986 में स्थानीय प्रतिभाओं के साथ इस फिल्म को बनाने दुस्साहस किया था। फिल्मफेस्टिवल में उन्हें शिद्दत से याद किया गया। मंचीय कार्यक्रमों की शुरूआत ध्रुवतारे की भाँति स्थापित हो चुकी मैथिली ठाकुर के गायन के साथ हुई। देश के चर्चित नाटककार योगेश त्रिपाठी की कृति 'आदि शंकराचार्य' का मंचन रंग उत्सव नाट्यसमूह ने किया। निदेशक थे अंकित मिश्र और शंकराचार्य के किरदार में शुभम पान्डेय। फिल्मफेस्टिवल के योजनाकार व सूत्रधार यही दोनों जुनूनी रंगकर्मी हैं जो रंगजगत में संभावनाओं का द्वार खोलते हैं।

फेस्टिवल में भोपाल के संजय मेहता 'संत कबीर' लेकर आए थे। कबीर के दोहों,साखी और पदों के साथ बुनेहुए नाटक में लोई की भूमिका में अंजना तिवारी ने अविस्मरणीय भूमिका अदा की। संजय मेहता ने कबीर के स्वर्गारोहण के दृष्य के जैसा रचा यह उनकी प्रतिभा की पराकाष्ठा है। पूरे फिल्मफेस्टिवल में रंगकर्मी व अभिनेता विभू सूरी इपीसेंटर रहे। इधर कुछेक साल से विन्ध्य में रंगक्रांति सी मची है। भोपाल में भारत भवन व अन्य सरकारी आयोजनों को छोड़ दें तो रीवा और सीधी मध्यभारत में रंगमंच के नए सांस्कृतिक केन्द्र बनकर उभरे हैं। सीधी में नरेन्द्र सिंह रंगजगत के ऐसे एकल योद्धा हैं जिन्होंने 'कर्णभारम' जैसे क्लिष्ट नाटक को बोधगम्य बघेली में प्रस्तुत किया। नरेन्द्र का बड़ा काम लोकपरंपरा व लोकगीतों को मौलिक रूप से सहेजने का है। उनकी रचनावली कई खंडों में प्रकाशित होकर आ रही है। नीरज कुंदेर और रोशनी मिश्र लगातार रंगकर्म की राष्ट्रीय कार्यशालाओं में प्रतिभाओं को निखारने के काम में जुटे हैं। प्रसन्न सोनी का समूह भी सक्रिय है।

रीवा में युवा रंगकर्मी मनोज मिश्र को हाल ही में संगीत नाटक अकादमी से पुरस्कृत किया गया है। उनका मंडप आर्ट एक सक्रिय रंगसमूह है। स्टेट ड्रामा स्कूल में अध्ययनरत अमर द्विवेदी और प्रदीप तिवारी संभावनाओं के अभिनेता निदेशक हैं। प्रदीप के निर्देशन में टैगोर की कहानियों के कोलाज की नाट्यप्रस्तुति ने रंगजगत का ध्यान खींचा। शैलेन्द्र द्विवेदी निर्देशित आधे-अधूरे नाटक ने यह साबित किया कि ड्रामा के क्लिसिक्स भी हमारी स्थानीय प्रतिभाएं कुशलतापूर्वक प्रस्तुत कर सकती हैं। हीरेन्द्र सिंह रंगमंच में तीन दशक से लगातार सक्रिय हैं। सुधीर सिंह के कला कार्यशाला में नौनिहाल पेंटिंग्स, टेराकोटा, वुड कर्विंग व शिल्प पर हाथ आजमाते मिल जाएंगे। कई प्रतिभाएं राष्ट्रीय ख्याति अर्जित कर चुकी हैं।

रीवा में एक बावनी परिवार भी है। शिल्प आर्ट और पेंटिंग्स पीढ़ियों से जुटे इस परिवार ने 'बघेली कलम' को अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति तक पहुँचाया। देवेन्द्र और तेजेन्द्र की कृतियाँ पेरिस और बर्लिन की कलावीथिकाओं में प्रदर्शित होती हैं। पिछले दो दशकों में रीवा में जितनी भी प्रतिमाएं लगीं वे तेजेंद्र की ही तराशी हुई हैं..चाहे वह विवेकानंद स्मारक हो या हाल ही अनावृत कल्पना चावला की प्रतिमा।

रीवा सीधी में एक नई पीढ़ी उभरकर सामने आई है जिसने रंगजगत में विन्ध्य का बाना फहराया है। सतना में अनामिका सिंह के समूह में शुभम बारी और अमित शुक्ल होनहार अभिनेता व निदेशक हैं। हिन्दी की प्रथम नाट्यकृति 'आनंद रघुनंदन' की मंचीय प्रस्तुति इनकी प्रतिभा की गवाह है। द्वारका दाहिया और सविता दाहिया सतना के रंग क्षितिज को विस्तार दे रहे हैं।

गीत संगीत में प्रतिभा सिंह, मुकुल सोनी, अनामिका त्रिपाठी ने बालीवुड में दस्तक दी है। अविनाश तिवारी की बघेली फिल्म 'बुधिया' ने भाषाई सिनेजगत का ध्यान आकृष्ट किया है। कुलमिलाकर विन्ध्य में अब हम वह सब होते हुए देख रहे हैं जिसकी कभी कल्पना करके रह जाते थे। खेल और संस्कृति किसी भी क्षेत्र की सम्पन्नता और वैभव को प्रकट करते हैं। ओलंपिक की पदक सूची देखें तो उसमें सम्पन्न व धनी देशों का दबदबा रहता है। देश और क्षेत्र के पैमाने पर भी यही कसौटी लागू होती है..अब हमारे बच्चे जब भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनते हैं तो चौकाते नहीं बल्कि स्वाभाविक लगते हैं। विन्ध्य भौतिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक कायांतरण के दौर से गुजर रहा है। इसे महसूसिए और सराहिए..हो सके तो रंगमंच, खेल के मैदानों पर पहुँचकर प्रोत्साहित करिए। विन्ध्य अब ऊँची उड़ान के लिए तैयार खड़ा है सभी साजोसामान के साथ।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## मेहेर बाबा का जन्मोत्सव शुरू हुआ

शिवपुरी - अवतार मेहेर बाबा का जन्मोत्सव कार्यक्रम स्थानीय नक्षत्र गार्डन ,बायपास रोड पर शुरू हो गया है।कार्यक्रम वर्ल्ड स्प्रीचुअल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। फाउंडेशन के चीफ फाउंडर एवं प्रसिद्ध आध्यात्मिक संत डॉ रघुवीर सिंह गौर ( गुरुजी ) द्वारा जन्मोत्सव के प्रथम दिन गुरुवार को प्रातः 9 एवं शाम 7 बजे से देश विदेश से आये बाबा प्रेमियों को ध्यान कराया गया। इसी क्रम में शुक्रवार को भी कार्यक्रम ध्यान-सत्संग के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे तथा रात्रि जागरण किया जाएगा।शनिवार की सुबह 5 बजे मेहेर बाबा का जन्मोत्सव केक काटकर एवं विश्व व्यापी प्रार्थना के साथ मनाया जाएगा,तदोपरान्त नगर में शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

## समाधिया बने विधानसभा प्रभारी

शिवपुरी- भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला शिवपुरी के संयोजक अजय गौतम द्वारा भाजपा जिला विधि प्रकोष्ठ की जिला कार्यसमिति एवं पांचों विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी, सहप्रभारी एवं अन्य पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गयी है।जिसमें जितेन्द्र समाधिया एडवोकेट विधानसभा क्षेत्र शिवपुरी का प्रभारी बनाया गया है। अपने मनोनयन पर समाधिया ने सभी वरिष्ठ नेताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर सभी वरिष्ठ अधिवक्ताओं,परिवारजनों एवम मित्रो ने जितेंद्र समाधिया को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका कमलनाथ का पुतला



बैरसिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री कुलदीप सिंह राठौड़ के नेतृत्व में गुरुवार को बस स्टैंड चौराहा पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का पुतला फूंक कर जमकर नारेबाजी की। गौरतलब है कि बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आबकारी नीति को लेकर विवादित बयान दे दिया था। उनके द्वारा मध्य प्रदेश को मदिरा प्रदेश कहने पर भाजपा की ओर से जमकर पलटवार किया जा रहा है। बैरसिया बस स्टैंड चौराहा पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने रेस्ट हाउस से रैली निकाल कर कमलनाथ का पुतला फूंक कर नारेबाजी की। इस दौरान भाजयुमो के प्रदेश मंत्री कुलदीप सिंह राठौड़ ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के इस बयान से प्रदेश के साढ़े आठ करोड़ जनता का अपमान हुआ है। उन्हें प्रदेश से लगाव नहीं है। उनके जैसे सीनियर नेता का इस तरह का बयान देना शोभनीय नहीं है। उन्होंने कहा कि कमलनाथ को प्रदेश जनता से माफी मांगने चाहिए। इस मौके पर भाजपा के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के साथ बासौदा के युवा भाजपा नेता दीपक नरवरिया ने पौधारोपण किया



बुधवार को भोपाल के स्मार्ट पार्क में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री दीपक नरवरिया ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के साथ पौधारोपण किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ÷वन प्लांट अ डे÷ अभियान के तहत पिछले दो वर्ष से प्रतिदिन पौधारोपण करते आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के इस अभियान में बुधवार सुबह दीपक नरवरिया के साथ एक पौधे को रोपा और इसमें लोधी कल्याण संघ के हरि सिंह लोधी, गजेंद्र सिंह, माखन नरवरिया, राहुल लोधी एवं अन्य पदाधिकारियों ने सहभागिता की। पौधारोपण के उपरांत दीपक नरवरिया ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को रानी अवंतीबाई लोधी की छायाप्रति भेंट की। रानी अवंतीबाई लोधी की छायाप्रति को मुख्यमंत्री ने नमन कर कहा कि रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान को देश कभी नहीं भूल सकता और राजपूत-लोधी समाज ने देश की सेवा में सदैव आगे रहकर भागीदारी की है।

## इंजीनियरिंग कॉलेज में विराजमान होगा भोलेनाथ का परिवार

छतरपुर। शहर के पंडित देवप्रभाकर शास्त्री इंजीनियरिंग कॉलेज गठेवरा में निर्मित मंदिर में शिव परिवार के साथ ही साकेतवासी गृहस्थ संत पंडित देवप्रभाकर शास्त्री एवं गुरूमाता की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय आयोजन आगामी माह में किया जाएगा।इस धार्मिक विधान के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज में एक बैठक का आयोजन किया गया। संस्थान के चेयरमैन अशोक दीक्षित ने बैठक में धार्मिक आयोजन की रूपरेखा की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूज्य गुरूदेव डॉ. अनिल शास्त्री के सानिध्य में चैत्र नवरात्र के अवसर पर 24 से 26 मार्च तक मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव, शिवलिंग निर्माण, रूद्राभिषेक एवं प्रसाद वितरण का आयोजन होगा।

# सरकारी धन की बर्बादी है भाजपा की विकास यात्रा:कांग्रेस

सिवनी– जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। जिसमें भाजपा द्वारा सरकारी खर्चे पर निकाली जा रही झूठी विकास यात्रा के संबंध में पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया। श्री खुराना ने बताया कि यात्रा के प्रारंभ में ही विकास यात्रा की पोल खुल गयी। जब जिले के प्रभारी मंत्री को भाजपा के पदाधिकारियों ने मंच पर खरी खोटी सुनाई, जिले के प्रभारी मंत्री जिले के विकास यात्रा के मुखियां थे, किन्तु जिले में कही पर भी विकास नही हुआ, यह बात जानते हुये प्रभारीमंत्री विकास यात्रा में कहीं नजर नही आये। विकास यात्रा में भीड बढाने के लिये स्कूल के बच्चों को परीक्षा के समय घंटो धूप में बैठाया गया। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में जब विकास यात्रा निकाली गयी, भाजपा के विधायक और नेताओं को लोगो के आक्रोश का सामना करना पड़ा। चुनाव करीब आते देख भाजपा द्वारा ढोंग किया जा रहा है। जबकि वास्तविकता यह है कि आज भी लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है विकास यात्रा में यही आक्रोश का कारण बना। सिवनी विधायक कांग्रेस पर आरोप लगा रहें है कि विकास यात्रा में विरोध कांग्रेस करा रहीं है, लोग पौआ पीकर यात्रा में आ रहें है। अपनी करनी का ठीकरा दूसरों के सर फोड़ रहें है जिले भर में अवैध शराब कौन बिकवा रहें है यह विधायक जी अच्छे से जान रहें है। सिवनी विधायक स्वयं की घोषणा के बाद भी नगरपालिका को 10 टेंकरो की राशि भी नहीं दे सके। सिवनी मेडिकल कालेज का काम कच्छुआ गति से चल रहा है जिसमें भारी भ्रष्टचार किया जा रहा है। पूरे मध्यप्रदेश में सिवनी मेडिकल कालेज को छोड़कर 2025 में 6 मेडिकल कालेज प्रारंभ हो जायेंगे। सतना मेडिकल कालेज में 1589 पद प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत कर दिये गये है, सिवनी मेडिकल कालेज की 272 करोड़ रूपये में से कुल 32 करोड़ रू. ही प्राप्त हुये है। अगले दो पंचवर्षीय चुनाव तक मेडिकल कालेज के नि र्माण के नाम पर भा.ज.पा. वोट मांगेगी, किन्तु मेडिकल कालेज प्रारंभ होने की दूर दूर तक कोई संभावना नही है। पेंच नहर का भ्रष्टाचार सिवनी विधायक को आज दिखाई दे रहा है जब से नहर का कार्य प्रारंभ हुआ है तब से पेंच नहर में हुये भ्रष्टाचार की शिकायत करते आ रही है। सिवनी जिले में भाजपा के लोग भय और आतंक का माहौल बनाना चाहते है। भाजपा के द्वारा सिवनी की सड़क जाम की गयी, क्रिकेट ग्राउंड में घुसकर तोड़फोड़ मारपीट की गयी।




श्री खुराना ने पत्रकार वार्ता में बताया कि सिवनी के विधायक पुत्र अपने मित्रों के साथ घातक हथियारों का प्रदर्शन कर रहें है, सत्ता के दबाव में कोई कार्यवाही नही की गयी। लालमाटी क्षेत्र में पानी की भी घोषणा फर्जी साबित हुई, फुलारा टोल जो कि विधायक की घोषणा थी किन्तु वित्तीय लाभ के चलते जानबूझकर नहीं हटाया गया। सिवनी विधायक बार बार जिला कांग्रेस पर एक ही आरोप लगाते है कि कांग्रेस सरकार में चंदे से जिला कांग्रेस कार्यालय बना है। जबकि सच्चाई यह है कि इस भवन में कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता और उनके संबंधियों का पैसा लगा हुआ है इस मामले में भाजपा को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। भाजपा के लिए यह शर्मनाक है कि सिवनी विधायक मुनमुन राय खुलेआम यह प्रलाप कर रहें है कि मेरा मूंह बंद कर भाजपा में लाया गया है, भाजपा के ऐसे कौन से काले कारनामे है जिनको छिपाने के लिये विधायक का मुंह बंद कराया गया, इस बात का जवाब भाजपा नेतृत्व को देना चाहिये।

मुख्यमंत्री द्वारा चुनाव को देखते हुये बहनों के लिये घोषणा की जा रही है पूर्व में जो योजनाएं प्रदेश में संचालित है संबल योजना, सामाजिक न्याय योजना, दवॉ वितरण, गौशालाओं को दी जाने वाली राशि, अनेक योजनाओं में देने के लिये राशि नहीं है। शिवराज सरकार प्रतिदिन 500 करोड़ रूपय का कर्ज लेकर सरकार चला रही है। भ्रष्टाचार के चलते पूरे प्रदेश को कंगाल करके रख दिया। मध्यप्रदेश में शराब बेचना तो बंद नही कराया जा रहा है प्रदेश की जनता को गुमराह करने के लिये अहाते बंद करने का ढ़ोंग कर रहे है। दूसरी तरफ शिवराज सरकार द्वारा घर घर शराब रखने का परमिट दिया जा रहा है। ताकि लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर पडे रहें। पुरानी पेंशन बहाल करने, अतिथि शिक्षक, आंगनवाडी, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव, सरपंच, संविदा स्वास्थ्य कर्मी, पेंच टाईगर दैनिक वेतन वन कर्मी, आउटसोर्स कर्मी सहित अनेक संगठन सरकार की वादा खिलाफी के चलते सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश में आंदोलनरत हैं। सरकार इनकी तो समस्या का निराकरण नही कर पा रही है और नयी नयी झूठी घोषणा कर प्रदेश की जनता को गुमराह किया जा रहा है, आने वाले चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा की वादा खिलाफी का सबक सिखायेंगी। पत्रकार वार्ता में श्री खुराना ने कहा कि अबकी बार जिले की चारों विधानसभा हम डंके की चोट पर विजयी होंगे। पत्रकार वार्ता में नरेश मरावी, जेपीएस तिवारी, एड़ पंकज शर्मा, मोहनसिंह चंदेल, दादू निखिलेन्द्रनाथ सिंह, राजिक अकील, राजेश मानाठाकुर, आनंद पंजवानी, सुमित मिश्रा, शाहिद रानू, अंकित ठाकुर बडी संख्या में प्रिंट तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार गण उपस्थित रहें।

# बस स्टैंड की बदली तस्वीर , बैठने , पेयजल , सुलभ की हुई उत्तम व्यवस्था , बस यात्री बस स्टैंड की व्यवस्थाओं की कर रहे तारीफ

बरेली । राजीव गांधी बस स्टैंड जो वर्षों से अव्यवस्थाओं के घेरे में चल रहा था जहां पर नहीं बैठने की उत्तम व्यवस्था थी नाही सुलभ जल और स्वच्छता का ध्यान रखा जा रहा था नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी के निर्देशन में नगर परिषद हमला द्वारा राजीव गांधी बस स्टैंड प्रतिक्षालय का कायाकल्प कर तस्वीर बदली है 7 आज यात्री प्रतीक्षालय में रंग रोगन के साथ उत्तम पेयजल सुलभ सहित बैठने की उत्तम व्यवस्था की गई है जिसका यात्री लाभ ले रहे हैं बरेली के आसपास धार्मिक स्थल होने के कारण बाहर के यात्रियों का आना जाना लगा रहता था पहले बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों को यहां पर रुकने की और बैठने की कोई व्यवस्था नहीं थी लेकिन आज नगर परिषद द्वारा उत्तम व्यवस्था की गई है आपको बता दे प्रत्येक मंगलवार




शनिवार को सैकड़ों यात्री बरेली तहसील से 6 किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध छीदं मंदिर दादा दरबार में माथा टेकने आते हैं भोपाल जबलपुर सहित अनेक शहरों से बसो के माध्यम से बरेली तक श्रद्धालु पहुंचते हैं आज उन यात्रियों को बस स्टैंड पर उत्तम बैठने की पेयजल सहित अनेक सुविधाएं मिल रहे हैं साथी बस स्टैंड से ही टेंपो के माध्यम से श्रद्धालु छीदं मंदिर आसानी से पहुंच रहे हैं 7

### अनाउंसमेंट के माध्यम से बसों की दी जा रही जानकारी

बस स्टैंड पर पहली बार ऐसी व्यवस्था शुरू की गई है जिससे बसों के आने और जाने के समय की जानकारी यात्रियों को एलाउंसमेंट के माध्यम से अनुभवी एलाउसर सर तुलसी धाकड़ द्वारा दी जा रही है समय-समय पर उनके द्वारा शासन की सरकारी योजनाओं का भी एलाउंसमेंट किया जाता है जिससे बस स्टैंड पर उपस्थित यात्रियों को शासन की योजनाओं का भी पता चल रहा है 7

### इनका कहना है

प्रत्येक मंगलवार को हम छीदं धाम आते है बस स्टैंड पर पहले हम आते थे तो बैठने की उत्तम व्यवस्था थी नाही स्वच्छता रहती ना ही पेयजल की व्यवस्था थी बस स्टैंड पर बैठने का मन भी नहीं होता था आज बस स्टैंड की तस्वीर बदली है उत्तम बैठने की व्यवस्था के साथ स्वच्छता भी है उत्तम पेयजल व्यवस्था और सुलभ की उत्तम व्यवस्था है आज बस स्टैंड प्रतिक्षालय की खूबसूरती को देखकर उठने का मन नहीं होता 7

**वी एस वरमन,** यात्री भोपाल

नगर का दर्पण बस स्टैंड होता है जिसमें नगर की तस्वीर दिखाई देती है बस स्टैंड पर यात्रियों को बैठने की उत्तम व्यवस्था सहित उत्तम पेयजल और सुलभ की व्यवस्था नहीं थी प्रतिक्षालय का कायाकल्प पर वहां पर उत्तम व्यवस्थाएं की गई हैं जिसका यात्री लाभ ले रहे हैं नगर को सभी के सहयोग से स्वच्छ सुंदर शहर बनाया जाएगा 7

**हेमंत चौधरी,** अध्यक्ष नगर परिषद बरेली

### 3 सूत्रीय मांगों का थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

# शराब की दुकान हटाने रहवासियों का धरना-प्रदर्शन





गंजबासौदा // नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8, नया बस स्टैंड, महाराणा प्रताप चौक के रहवासियों ने गुरुवार को चौराहे पर धरना देकर शराब की दुकान हटाने एवं अपनी अन्य मांगों के लिए धरना दिया। इस धरना प्रदर्शन के समर्थन में नगर के अन्य वार्डों के सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक पहुंचे और उन्होंने अपने उद्बोधन में शहर की फिजां को खराब करने वाली रहवासी क्षेत्र में संचालित की जा रही शराब की दुकानों को शहर से दूर स्थापित करने की मांग की। इस अवसर पर रहवासियों ने शहर थाना प्रभारी कुंवर सिंह मुकाती को अपनी 3 सूत्री मांगों का एक मांग पत्र भी सौंपा। मांग पत्र में प्रमुख रूप से शराब की दुकान को हटाने, पुलिस सहायता केंद्र स्थापित करने एवं पुलिस बल की संख्या बढ़ाने की मांग की गई है। उपरोक्त मांगों के संबंध में थाना प्रभारी ने कहा कि नया बस स्टैंड क्षेत्र में पुलिस सहायता केंद्र स्थापित करने हेतु नगर पालिका प्रशासन से उपयुक्त स्थान की मांग की जाकर शीघ्र ही केंद्र खोला जाएगा। तो वही सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश सिंह राजपूत ने पुलिस केंद्र खोले जाने हेतु 11000 रूपये का सहयोग करने की घोषणा की। बाकी अन्य मांगों के लिए थाना प्रभारी ने आला अधिकारियों को अवगत कराने की बात कही। तो वहीं स्थानीय निवासी रफीक खां जिनके भवन में शराब की दुकान वर्तमान में संचालित की जा रही है उन्होंने भी भविष्य में शराब की दुकान हेतु भवन किराए पर ना देने की घोषणा की। दोनों ही घोषणाओं पर उपस्थित जन समूह द्वारा तालियों से स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया। इसके साथ ही क्षेत्रवासियों ने संकल्प लिया कि वह ना तो अपना भवन, दुकान, प्लाट शराब की दुकान हेतु किराए पर नहीं देंगे।

धरना प्रदर्शन में मुकेश सिंह राजपूत, डॉ. राकेश दांगी, पंकज नेमा, शेर खान, रफीक खान, अनिल समैया, अशोक श्रीवास्तव, नितीश श्रीवास्तव, अमित मेहता अनिल सिंह, रणवीर रघुवंशी, अरबाज, आरिफ, बन्ने खां, भूरा खान, साहिल खान, शाहिद, जब्बार खां, उधम सिंह, लालाराम चंदेल, पुष्कल जैन, निशंक डेरिया आदि रहवासी व दुकानदार। तथा गणमान्य नागरिक पार्षद सौदान सिंह यादव, मंजू कुशवाह, जगदीश व्यास, राहुल ठाकुर सहित रवि तिवारी, शैलेंद्र सक्सेना, प्रकाश मिश्रा, अनिल पाठक, विष्णु प्रसाद शर्मा, श्वेता जैन, विद्या यादव, निखिल, आनंद दुबे, बंटी गुर्जर आदि मौजूद रहे।

### जी–20 समिट विदेशी मेहमानों ने पश्चिमी मंदिर समूह की स्थापत्य कला को निहारा

# खजुराहो के कंदरिया महादेव और देवी जगदंबिका मंदिर की खूबसूरती को निहारकर हुये प्रफुल्लित

**छतरपुर।** खजुराहो में गुरुवार को जी-20 समिट में आये विदेशी मेहमानों, विशिष्ठ अतिथियों और उच्च स्तरीय प्रशासकीय अधिकारियों के दल ने विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो के पश्चिमी मंदिर समूह में स्थापत्य कला को निहारा तथा चंदेलकालीन कंदरिया महादेव और देवी जगदंबिका खजुराहो मंदिर की खूबसूरती को निहारकर प्रफुल्लित हुये।

डेलीगेट्स के पश्चिम मंदिर समूह प्रांगण में पहुंचने पर शालाओं के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स और कलाकारों द्वारा भारतीय वैदिक संस्कृति, संस्कार तथा बुन्देलखंड के प्रसिद्ध रमतूला, वाद्य यंत्रों से और नृत्य दलों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।

दल में शामिल बच्चियों द्वारा मेहमानों के माथे पर कुमकुम तिलक लगाया गया। खजुराहो की धरा पर पधारे विदेशी मेहमानों को पश्चिमी मंदिर समूह प्रांगण में स्थित मंदिरों की जानकारी बलवीर गौतम एवं अन्य गाइड द्वारा दी गई। भारतीय स्थापत्य हिन्दू मंदिरों की श्रृंखला में खजुराहो के कंदरिया महादेव और देवी जगदम्बिका मंदिर का विशेष स्थान है। यह मंदिर देश के सर्वोच्च मंदिरों में एक है। इस मंदिर पर उकेरी गई



राजपूत शिल्प कला का अपना विशेष महत्व है और 11वीं शताब्दी में बने इस मंदिर का भारतीय इतिहास में अपना अलग महत्व है।

### ये कैसा ग्राम विकास ,जहाँ ग्राम के जिम्मेदार नदारद

# लटक रहा ताला , कटिया से चोरी हो रही बिजली , तो कहीं पान ठेले से हो रही पंचायत संचालित

**विश्व भूषण पाण्डेय शहडोल ।** आये दिन सुर्खियों मे रहने वाले पंचायते अब नये नये हथकंडो से शाशन की मंशा को पालिता लगा रही है जहाँ पर कही भरे दिन पंचायत मे ताला लगा हुआ है तो कही पान ठेले से पंचायत का संचालन हो रहा है तो कही चोरी की बिजली से पंचायत का संचालन किया जा रहा है आश्चर्य की बात तो यह है की जब ग्राम के जिम्मेदारो से बात कर जानकारी चाही जाती है तो पता लागता है की किसी काम से गया हुआ है कुछ टाइम से आएगा तो कही आप पान ठेले मे जाकर जो जानकारी चाहिए ले लीजिये 7 आश्चर्य है की शाशन द्वारा करोडो रुपयों का लेन देन पंचायतो को क्या इसी बात का किया जाता है की पंचायत पान ठेले से संचालित हो या फिर पंचायत के जिम्मेदार यह कहकर अपना पल्ला झार ले की मै किसी काम से आया हूँ सचिव होगा वही कही चलिए एक बार इस बात पे यदि किसी कदर विश्वास कर लिया जाये की पंचायत के कुछ कार्य से सचिव व्यस्त होंगे तो क्या रोज सहायक,मोबिलाईजर,चौकीदार का पंचायत से क्या वास्ता है और यदि है तो फिर इनका पंचायत मे उपस्थित ना होना कहाँ तक सही है 7

### अधिकारी का नहीं कोई वास्ता–

ग्राम विकास को लेकर शाशन ढ़ोल पीट पीट कर विकास करने की गाथा गा रहा है पर असल जिंदगी मे उसका कितना पालन हो रहा है वो जमीनी स्तर पर देखने योग्य है जहाँ लगातार जिले के मुखिया से लेकर ग्राम के पदस्थ सचिव तक सभी को ये निर्देशित है की आप अपने समय सीमा मे अपने कार्यालय मे उपस्थित होंगे परन्तु जमीनी हकीकत कुछ और ही बया कर रही है यहाँ जनपद मे बैठे मुखिया को ये जरा भी भनक नहीं है की उनके नाक के नीचे कैसे कैसे गुल खिलाये जा रहे है यदि उनके द्वारा अपने अमूल्य समय को निकालकर जरा देखना उचित समझें तो शायद कुछ सुधार होने की संभावना है 7

### कही ताला बंद तो कही पान ठेले से संचालित–

जिले आधीन जनपद गोहपारू की अधिकतर पंचायतो का ये हाल हो चला है की कही पंचायत मे कार्यालीन समय पर ताला लटका मिल रहा है तो कही पर जिम्मेदारो द्वारा बेशर्म होकर पंचायत का कार्य पान ठेले से संचालित करवाया जा रहा है आश्चर्य तो इस बात का है की पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी से जब






जानकारी देने के लिये कॉल किया गया तो उनका जवाब सुनकर शायद ऐसा लगा मानो सरपंचो से भी गई बीती स्थिति इनकी हो चुकी है तो वही जब जनपद मे बैठे मुखिया श्री वेदमणि मिश्रा से जानकारी हेतु कॉल किया गया तो उन्होंने फ़ोन उठाना भी गवारा ना समझा 7

### ग्राम मे हितग्राही अपने कार्य करवाने को तरसते–

जनपद के आधीन ग्राम मझौली, सगरा, लेदरा मे ये हाल है की पंचायतो मे आये दिन ताला लटका रहता है जिसके चलते ग्राम के हितग्राही अपने ही अधिकार से वंचित हो चुके है वही ग्राम लेदरा मे सचिक अमृतलाल यादव का कथन तो मानो जनपद के मुखिया से काम ना हो जब इस संदर्भ मे हमारे द्वारा जानकारी चाहिए गई की कार्यालीन समय पर आपके पंचायत मे सभी हितग्राही अपने कार्य हेतु आपके इंतजार मे इतनी कड़क धूप मे बैठे है आपके पदाधिकारी नदारद है तो उनके दुसरा बताया गया की मै शादी के कार्य से आया हूँ आप जो जानकारी चाहते है ग्राम के एक ठेले पर दे दीजिये वही से प्राप्त हो जाएगी आश्चर्य है की शाशन द्वारा लाखो रुपयों की लागत से पंचायत इसलिए निर्माण करवाई गई थी की वो ठेले पे संचालित हो सके?

### लफदा मे तो हद ही हो गई :–

ऐसे ऐसे कारनामें ग्राम विकास के नाम पर देखने को मिले है की देखते ही मन दुःखद हो उठता है की जिस उम्मीद से जनता अपने सरपंच को पांच वर्ष के लिये अपना अमूल्य मत देकर जीत का ताजपोश करती है उसी जनता को ऐसे ठगा जा रहा है मानो उनका नहीं उनके घर का खिलौना हो जनपद के आधीन ग्राम पंचायत लफदा मे तो सारे नियमो को तिलाजली ही दे दी गई है लफदा पंचायत मे लगभग चार महीनों से बिजली की कटौती हो चुकी है उक्त के संदर्भ मे पंचायत के पदाधिकारीयों ने बताया की बिजली का बिल जमा ना करने और मै सरपंच मै सह सचिव की टशन के कारण आज लगभग चार महीनों से पंचायत का कार्य प्रभावित हो रहा है वही पंचायत सह सचिव पीताम्बर द्वारा कटिया के माध्यम से बिजली की चोरी की जा रही है जिससे आये दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न होना आम बात हो चली है 7

## कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट का किया आकस्मिक निरीक्षण

**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जी आर के गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न शाखाओं का प्रातः 10:30 बजे किये गये आकस्मिक निरीक्षण में दस नहीं बीस नही, पचास भी नहीं पूरे 132 अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। इस आकस्मिक निरीक्षण से कलेक्ट्रेट छतरपुर के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण में कार्यालय कलेक्टर की भू-अभिलेख शाखा के 27 कर्मचारी सौरभ आदिवासी, जयप्रकाश शुक्ला, गोविंद प्रसाद गुप्ता, अनिल खरे, रामअनन्दे सिंह, श्रीमती पूजा पाठक, नीरज पटेरिया आदि सहित पटवारीगण अंजनी पटेल, अनिल रूसिया, अभिषेक त्रिपाठी अनुपस्थित पाए गए।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण**

क्रमांक 591/ ज.सं./भो.वि.प्रा./ 22 भोपाल, दिनांक 23/02/2023

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की साकेत नगर योजना में भूखण्ड क्रं. 162/3 डी, श्रीमती सुशीला देवी आ. स्व.श्री खेडु सिंह के नाम पर आवंटित है। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड हेतु श्री राजेश जैन आ. श्री के.सी. जैन की मुख्तारआम नियुक्त किया गया है। मुख्तारआम द्वारा उक्त भूखण्ड पर प्रकोष्ठों का निर्माण कर पृथक–पृथक व्यक्तियों को विक्रय किया गया। जिसमें प्रकोष्ठ क्रं. 08 का विक्रय श्री चेतन पाध्ये आ. स्व.श्री पी.आर. पाध्ये को विक्रय कर दि. 30.12.1999 को रजिस्ट्री करा दी गई। परंतु श्री चेतन पाध्ये द्वारा प्राधिकरण में नामांतरण नहीं कराया गया और बिना अनुमति श्री विवेक जाधव एवं श्रीमती राजेश्वरी जाधव को विक्रय कर दि. 17.10.2007 को रजिस्ट्री करा दी गई। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत रजिस्ट्री के आधार पर नामांतरण चाहा गया है।

यदि उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजो के साथ के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**

# आईआईएफएल फाइनेंस ने सपना आपका लोन हमारा अभियान चलाया

मुंबई, एजेंसी। खुदरा-केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी, आईआईएफएल फाइनेंस ने अपने पूरी भारत अपने चलाये जा रहे मार्केटिंग आउटरीच अभियान के अंतर्गत शीर्ष अभिनेत्री, तमन्ना भाटिया के साथ सपना आपका ऋण हमारा अभियान शुरू किया है। आईआईएफएल का लक्ष्य अगले छह महीनों में इस अभियान के जरिए अपनी पेशकशों के साथ 350 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचना और गोल्ड लोन, होम लोन, बिजनेस लोन और माइक्रोफाइनेंस लोन सेगमेंट में अपनी अग्रणी स्थिति को और भी बेहतर बनाना है।बड़े पैमाने पर देश भर में चलाया जा रहा यह विपणन अभियान टीवी, डिजिटल, सिनेमा, रेडियो और प्रिंट मीडिया आदि में चल रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बैंकिंग सुविधा विहीन एवं अल्प सुविधा प्राप्त खंड के ग्राहकों की बढ़ती ऋण आवश्यकताओं को पूरा करना है। आईआईएफएल फाइनेंस 8 मिलियन से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है।ब्रांड फिल्म के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, आईआईएफएल के मुख्य विपणन अधिकारी, श्री मानव वर्मा ने कहा, हम भारतीय अर्थव्यवस्था को चलाने में छोटे उद्यमियों की शक्ति में विश्वास करते हैं। उन्हें केवल सही समय पर ऋण की आवश्यकता होती है, जिस बात को आईआईएफएल फाइनेंस सबसे अच्छी तरह समझता है। सीधी बात या स्ट्रेट टॉक हमारे सभी व्यापारिक सौदों और ब्रांड की विचारधारा का अंतर्निहित विषय है। ब्रांड के अभियान सपना आपका, ऋण हमारा का उद्देश्य लाखों छोटे उद्यमियों और व्यक्तिगत उधारकर्ताओं के लिए पसंदीदा ऋण प्रदाता बनना और उनके सपनों को पूरा करने में मदद करना है। वरिष्ठ फिल्म निर्माता, हिमांशु तिवारी द्वारा निर्देशित अभियान सीधी बात इस ब्रांड की विचारधारा के अनुरूप है और यह मनोरंजक एवं व्यावहारिक तरीके से संदेश संप्रेषित करता है। ऋण के लिए अपने विकल्पों पर विचार करते समय, उपभोक्ता के पास ढेर सारी जानकारियां उपलब्ध होती हैं, जो अक्सर गलत होती हैं या उनमें गलत व्याख्या की गई होती है। इसके परिणामस्वरूप उपभोक्ता को ऋण प्राप्त करने हेतु कठिन और कष्टप्रद प्रक्रिया से गुजरना होता है, जिसके कारण देरी होती है या ऋण से वंचित रह जाते हैं जिससे उन्हें उनकी योजनाओं से समझौता करने के लिए बाध्य होना पड़ता है।

# टाटा मोटर्स ने अपनी एसयूवी की आइकॉनिक डार्क रेंज को नए एडवांस्ड अपग्रेड के साथ पेश किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स ने ऑटो एक्सपो 2023 में मिले शानदार रेस्पॉन्स के बाद, आज अपने डार्क प्रॉडक्ट्स की नई लीग लॉन्च करने की घोषणा की है। अपनी एसयूवी की सफल रेंज को और बेहतर बनाते हुए, इस नई सीरीज में भारत की नंबर 1 एसयूवी- नेक्सन, कंपनी की प्रीमियम एसयूवी - हैरियर और कंपनी की फ्लैगशिप एसयूवी - सफारी के नए और अपडेटेड वर्जन को शामिल किया गया है। आइकॉनिक डार्क फिलॉस्फी की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, इन नए प्रॉडक्ट्स को अब तक कंपनी की किसी यात्री कार में न देखे गए प्रीमियम फीचर्स से लैस किया है। एडेप्टिव यूजर फेस को नए लुक और फील के साथ 26.03 सेंटीमीटर की पसंदीदा बड़ी इंफोटेनमेंट स्क्रीन और 10 नए एडीएएस फीचर्स से लैस किया गया है। डार्क रेंज उन प्रगतिशील ग्राहकों के लिए सबसे बढ़िया साथी होगी जोकि अपना अलग स्टेटमेंट बनाना चाहते हैं। अपनी पहले से मजबूत बनावट को और निखारते हुए, इन एसयूवी को खूबसूरत बनाने के लिए इसमें नए कार्नीलियन रेड रंग का टच दिया गया है, जिससे उपभोक्ताओं को शानदार प्रीमियम अहसास के साथ बोल्ड लुक का अहसास मिलता है। टाटा मोटर्स ने अपनी नई डार्क रेंज आकर्षक कीमतों में (ऑल-इंडिया, एक्स-शोरूम कीमत) लॉन्च की है, जो बीएस 6 उत्सर्जन के मानकों को पूरा करती हैं। इनके इंजन आरडीई और ई-20 के मानकों के अनुकूल हैं। उपभोक्ता अब टाटा मोटर्स के अपने नजदीकी शोरूम में 30 हजार रुपये की मामूली कीमत पर अपनी नई फेवरेट डार्क एसयूवी को बुक कर सकते हैं।

# कोटक महिन्द्रा बैंक ने वित्त वर्ष 23 में खोली 100 गोल्ड लोन शाखायें

**मुंबई, एजेंसी।** कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड ने इस वित्त वर्ष में अब तक 100 गोल्ड लोन शाखायें खोले जाने की घोषणा की। बैंक द्वारा 31 मार्च 2022 तक, इसकी 400 शाखाओं के माध्यम से गोल्ड लोन्स की पेशकश की जा रही थी। इस वित्त वर्ष में 100 और गोल्ड लोन शाखाओं के खुल जाने से, कोटक महिन्द्रा बैंक द्वारा अब इसकी 500 शाखाओं के जरिये गोल्ड लोन्स की पेशकश की जा रही है। बैंक की ये शाखायें देश भर के 253 शहरों में फैली हुई हैं। मनीष कोठारी, प्रेसिडेंट एवं हेड- कमर्शियल बैंकिंग, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड ने कहा, ''हमें इस वित्त वर्ष में 100 गोल्ड लोन शाखाओं का शुभारंभ करते हुये बेहद खुशी हो रही है, जोकि 49 शहरों में खोली गई हैं। गोल्ड लोन अपनी व्यक्तिगत और व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करने के लिये फाइनेंस हासिल करने का एक सबसे पसंदीदा साधन बन गया है। भारतीयों के पास सोना यूं ही घरों में पड़ा रहता है और सोने की कीमतों के बढ़ने से गोल्ड लोन में उन्हें फायदा नजर आने लगा है। साहूकारों और कर्जदाताओं जैसे फाइनेंस के असंगठित स्त्रोतों से लोगों के दूर जाने की वजह से भी गोल्ड लोन की मांग बढ़ रही है। इसका मुख्य कारण है साहूकारों द्वारा अपेक्षाकृत उच्च ब्याज दरों पर प्रदान किये जाने वाले फाइनेंस के अनियोजित स्त्रोत के साथ जुड़े खतरों के बारे में लोगों की बढ़ती जागरूकता है। हमें लगता है कि आने वाले समय में भी यह ट्रेंड जारी रहेगा।

# प्रसिद्ध खेल दिग्गजों और मशहूर हस्तियों ने एमएक्स प्लेयर के कुमिते 1 वॉरियर हंटएमएमए चैंपियंस को अपना समर्थन दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की पहली एमएमए रियलिटी सीरीज़, कुमिते 1 वॉरियर हंट, दर्शकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी कर रही है खेल और मनोरंजन जगत से प्रशंसा और समर्थन प्राप्त कर रही है। भारत के पूर्व ऑलराउंडर, इरफ़ान पठान, पहले भारतीय डब्ल्यूडब्ल्यूई हैवीवेट चैंपियन, खली, भारत के स्टार स्क्रूफाइटर, रितु फोगट, महान भारतीय कुश्ती कोच, महावीर सिंह फोगट, पूर्व भारतीय ओपनर, वीरेंद्र सहवाग, पूर्व भारतीय स्पिनर, हरभजन सिंह, हास्य अभिनेता कपिल शर्मा, भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी, केएल राहुल, और बॉलीवुड अभिनेत्री, अथिया शेट्टी सभी ने वेब सीरीज को शाबाशी दिया है और इसमें भाग लेने वाले 18 एमएमए एथलीटों को प्रोत्साहित किया है। टोयम का कुमिते 1 वॉरियर हंट भारत के नंबर 1 ओटीटी प्लेटफॉर्म, एमएक्स प्लेयर के खेल आधारित कंटेंट में प्रवेश को चिह्नित करता है। प्रसिद्ध खेल दिग्गजों और मशहूर हस्तियों ने एमएमए चैंपियंस को अपना समर्थन देने के लिए अपने सोशल मीडिया का सहारा लिया और युवा एमएमए एथलीटों के निर्माण को बढ़ावा देने और मंच प्रदान करने के लिए कॉन्सेप्ट मालिकों, टोयम स्पोर्ट्स, ओटीटी प्लेयर एमएक्स प्लेयर के साथ-साथ मेजबान सुनील शेट्टी की सराहना की है। द ग्रेट खली, रितु फोगट और महावीर सिंह फोगट सुनील शेट्टी और प्रतियोगियों के साथ सीरीज की प्रेस घोषणा में उपस्थित होने के लिए मुंबई आए, कपिल शर्मा ने अपने काम से सभी को प्रेरित करने के लिए अन्ना सुनील शेट्टी की सराहना की, वीरेंद्र सहवाग, इरफान पठान और हरभजन सिंह ने सभी को शो देखने और चैंपियंस का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित किया। सुनील शेट्टी की बेटी, अथिया शेट्टी और दामाद केएल राहुल ने भी अपने सोशल मीडिया पर अपना समर्थन दिया।

# वेंटिलेटर फेल हो, तो एक्मो बचाता है गंभीर मरीजों की जान



इंदौर। जब वेंटिलेटर फेल हो जाता है, तो मरीज की जान बचाना संभव नहीं होता! तब 'एक्मो' द्वारा गंभीर मरीज की जान बचाई जा सकती है। हालांकि, हमारे देश में 'एक्मो' के ज्यादा सेंटर नहीं हैं, इसलिए इसकी ट्रेनिंग यहां दी जा रही है। इससे यह ज्यादा से ज्यादा डॉक्टर और स्पेशलिस्ट को इसके उपयोग के बारे में पता चल सकें और वह क्रिटिकल पेशेंट्स की जिंदगी बचाने में काम आ सके।

ये बात दयानंद मेडिकल कॉलेज, लुधियाना के डॉ विवेक गुप्ता ने कही। वे इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन की 29वीं वार्षिक कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। चार दिनी आयोजन ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में हो रहा है। इसमें हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी दी गई। ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन और ढ्ढस्ष्टष्टरूके अध्यक्ष डॉ राजेश मिश्रा ने प्रेग्नेंट लेडी के साथ आईसीयू में आने वाले कॉम्प्लिकेशन के बारे में बताया।

पहले दिन 600 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। एक्मो, एडवांस वेंटिलेटर जैसी तकनीकों की लाइव ट्रेनिंग ली। कई गंभीर विषयों पर पैनल डिस्कशन भी हुआ। ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ राजेश पांडे ने बताया वर्कशॉप में दुनिया के एडवांस वेंटिलेटर को ऑपरेट करने के साथ ही उनकी सेटिंग्स को सिखाया गया। यह वर्कशॉप आईसीयू में काम करने वाले डॉक्टर, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ के लिए आयोजित की गई थी।

को-ऑर्गेनाइज चेयरमैन डॉ संजय धानुका ने बताया कि सभी वर्कशॉप की खास बात यह रही कि इन्हें थ्योरी बेस्ड रखने के बजाए प्रैक्टिकल आधारित रखा गया। एब्स्ट्रेक्ट कमेटी के को-चेयरमैन डॉ. आनंद सांघी ने बताया कि कार्यशाला के दौरान 600 लोगों को फ्री ट्रेनिंग दी गई। इसमें नर्सेस, पैरामेडिकल स्टाफ, आईसीयू डॉक्टर शामिल है। इसमें नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ को क्रिटिकल केयर में काम करने के तरीके, विभिन्न उपकरणों के उपयोग करना और पेशेंट्स का सही तरह से देखभाल करना सिखाया गया।

# बैंकॉक, शारजाह के लिए इंदौर से सीधी फ्लाइट इसी साल




देवी अहिल्याबाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जल्द ही बैंकॉक के लिए सीधी उड़ान शुरू होने वाली है। इंडिगो के साथ थाई स्माइल एयरलाइंस ने इंदौर-बैंकॉक के बीच सीधी उड़ान में रुचि दिखाई है। साल के अंत तक इंदौर टू बैंकॉक की उड़ान शुरू होने की उम्मीद है। दोनों एयरलाइंस ने यात्रियों को लेकर फीडबैक लेना शुरू कर दिया है। इसके अलावा शारजाह के लिए भी सीधी उड़ान शुरू होने की चर्चा है।

इंदौर और आसपास के शहरों से हजारों पर्यटक हर साल थाईलैंड जाते हैं। बैंकॉक जाने के लिए अभी दिल्ली, मुंबई व अन्य बड़े शहरों से ही उड़ान है। इससे इंदौर से बैंकॉक जाने वाले यात्रियों समय और पैसे दोनों लगते हैं। इंदौर से बैंकॉक जाने वाले पर्यटकों के आंकड़े को देखते हुए इंडिगो ने सीधी उड़ान की संभावना तलाशना शुरू कर दिया। एयरलाइंस ने इंदौर सहित प्रदेशभर के ट्रैवल एजेंट्स से चर्चा की है। ट्रैवल एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया व ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया लंबे समय से थाईलैंड और सिंगापुर के लिए सीधी उड़ान की मांग कर रही है। इंडिगो के साथ बैंकॉक की हवाई सेवा 'थाई स्माइल' भी इंदौर के लिए फ्लाइट शुरू करने पर विचार कर रही है। थाई स्माइल वहां की लो कॉस्ट एयरलाइंस है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भी महत्वपूर्ण

एयर कनेक्टिविटी की ग्रोथ में हाल ही में इंदौर में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) की भूमिका भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। समिट में थाईलैंड, मॉरीशस, फ्रांस सहित कई देशों के काउंसलर ने इंदौर और प्रदेश में निवेश की संभावना जताई थी। थाईलैंड की फ्लाइट शुरू होने से दोनों देशों के बीच पर्यटन में इजाफा होगा।

# ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने इलेक्ट्रिक टू-व्हील स्कूटर एंपियर ज़ील ईएक्स पेश किया

## यह 3 आकर्षक रंगों - स्टोन ग्रे, आईवरी व्हाईट, और इंडिगो ब्लू में उपलब्ध है

नई दिल्ली, एजेंसी। ग्रीव्स कॉटन लिमिटेड के ई-मोबिलिटी बिज़नेस, ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्राईवेट लिमिटेड (जीईएमपीएल) ने एक एंट्री-लेवल, स्पोर्टी ई-स्कूटर, एंपियर ज़ील ईएक्स पेश किया है। यह युवाओं को शहर में राईड का आरामदायक और सुगम अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाईन किया गया है। नया ज़ील ईएक्स मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, और झारखंड में 69,900 रु..(प्रभावी मूल्य) के आकर्षक इंट्रोडक्टरी मूल्य में पेश किया गया है। इसके अलावा, खरीददारों को 6000 रु. तक के आकर्षक बेनेफिट्स भी मिलेंगे। ये बेनेफिट्स 31 मार्च, 2023 तक लागू रहेंगे।

नए उत्पाद पोर्टफोलियो के बारे में संजय बहल, सीईओ एवं एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर, ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्राईवेट लिमिटेड (जीईएमपीएल) ने कहा, ''नए एंपियर ज़ील ईएक्स के लॉन्च द्वारा हम अपने ग्राहकों को शानदार रेंज के साथ किफायती और स्वच्छ रहते हुए राईड का



बेहतरीन अनुभव प्रदान करना चाहते हैं। यह ई-स्कूटर भारतीय युवाओं की दैनिक मोबिलिटी की जरूरतों के लिए बनाया गया है, और उन्हें बेहतरीन गुणों वाले उत्पाद के साथ कम्फर्ट, परफॉर्मेंस और सुरक्षा प्रदान करता है। हमें विश्वास है कि ज़ील ईएक्स आकर्षक मूल्य में स्पोर्टी इलेक्ट्रिक स्कूटर चाहने वाले भारतीय युवाओं के बीच प्रवेश की बाधा को कम करने और सस्टेनेबल मोबिलिटी अपनाने की ओर तेजी लाने में मुख्य भूमिका निभाएगा।''

नया ज़ील ईएक्स एक स्पोर्टी इलेक्ट्रिक स्कूटर है। इसके युवा स्टाईल एवं स्पोर्टी डैकल और ड्युअल टोन कलर के कारण यह युवा पीढ़ी के लिए एक आकर्षक उत्पाद है। ज़ील ईएक्स की सर्टिफाईड रेंज 120 किलोमीटर. है, और इसमें कैन-इनेबल्ड लीथियम-आयन बैटरी, शक्तिशाली बैटरी पैक, विभिन्न राईड मोड्स, साईड स्टैंड सेंसर, आदि खूबियाँ हैं। यह भारत से प्रेरित तीन बेहतरीन रंगों - स्टोन ग्रे, आईवरी व्हाईट, और इंडिगो ब्लू में उपलब्ध होगा।

एंपियर ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को जनसमूह तक पहुँचाने और 'हर गली इलेक्ट्रिक' बनाने का मिशन शुरू किया है। अपने आकर्षक मूल्य, संचालन की कम लागत, उच्च रेंज, और ट्रेंडी डिज़ाईन के साथ नया ज़ील ईएक्स पूरे भारत में युवा राईडर्स के बीच लोकप्रिय और सस्टेनेबल विकल्प बन जाएगा।

# संकटग्रस्त दुनिया में भारत भविष्य की उम्मीद बन रहा, बिल गेट्स ने देश की उपलब्धियों को सराहा

नई दिल्ली, एजेंसी। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स ने अपने ब्लॉग गेट्स नोट्स में कहा कि भारत भविष्य के लिए उम्मीद जगाता है और इस देश ने साबित कर दिया है कि जब दुनिया कई संकटों का सामना कर रही है, तब भी भारत बड़ी समस्याओं को एक बार में हल कर सकता है।

बिल गेट्स ने कहा कि उनका मानना है कि सही नवाचारों और वितरण चैनलों के साथ दुनिया एक साथ बहुत सारी बड़ी समस्याओं पर प्रगति करने में सक्षम है। ऐसे समय में भी जब दुनिया कई संकटों का सामना कर रही है और आमतौर पर प्रतिक्रिया मिलती है कि एक ही समय में दोनों को हल करने के लिए पर्याप्त समय या पैसा नहीं है, भारत ने सभी प्रतिक्रियाओं को गलत साबित कर दिया है। गेट्स ने अपने ब्लॉग में कहा, भारत ने जो उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है, उससे बेहतर और कोई प्रमाण नहीं है।

पूरे भारत ने मुझे भविष्य के लिए उम्मीद दी है। यह दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने वाला है, जिसका अर्थ है कि आप बड़े पैमाने पर उन्हें हल किए बिना अधिकांश समस्याओं से निजात नहीं पा सकते हैं। भारत ने साबित कर दिया है कि वह बड़ी चुनौतियों से निपट सकता है। देश ने पोलियो का उन्मूलन किया, एचआईवी संचरण को कम किया, गरीबी को कम किया, शिशु मृत्यु दर में कटौती की और स्वच्छता और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच में वृद्धि की।

माइक्रोसॉफ्ट के सहसंस्थापक ने यह भी कहा कि भारत ने नवाचार के लिए एक विश्व में अग्रणी दृष्टिकोण विकसित किया है जो यह सुनिश्चित करता है कि समाधान उन लोगों तक पहुंचें जिन्हें उनकी आवश्यकता है।

# एयरटेल ने अपने स्टोर्स पर 5जी की शक्ति का अनुभव लेने के लिए ग्राहकों को आमंत्रित किया

## यह आमंत्रण सभी ग्राहकों को इसके विशेष रूप से तैयार किए गए डेमो जोन में अल्ट्राफास्ट एयरटेल 5जी प्लस का अनुभव लेने के लिए है

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने देश में अपने सभी रिटेल स्टोर्स में 5जी एक्सपीरिएंस जोन बनाए हैं। इन विशेष रूप से तैयार किए गए जोन्स के माध्यम से, एयरटेल उपभोक्ताओं के लिए 5जी की शक्ति का प्रदर्शन कर रहा है, जिसमें इसकी धमाकेदार डेटा स्पीड और इमर्सिव वर्चुअल रियलिटी एंटरटेनमेंट, क्लाउड गेमिंग और अधिक जैसे उभरते उपयोग के मामले शामिल हैं। एक इंडस्ट्री लीडर के रूप में, एयरटेल ने ग्राहकों के लिए नई तकनीक को सरल बनाने और उन्हें 5जी के वास्तविक अंतर का अनुभव कराने का बीड़ा उठाया है। इन सभी 1000+ स्टोर्स में विशेष रूप से प्रशिक्षित अधिकारी होंगे जो न केवल उपयोग के मामलों का प्रदर्शन करेंगे बल्कि एयरटेल की अपनी पेशकश के साथ 5जी से संबंधित सभी सवालों के जवाब भी देंगे।

एयरटेल देश में 5जी सेवा शुरू करने वाली पहली कंपनी है और आज इसकी सेवाएं 20 राज्यों में उपलब्ध हैं। कंपनी चरणबद्ध तरीके से अपनी सेवाएं शुरू कर रही है और देश में अपने नेटवर्क का निर्माण जारी रखे हुए है। मौजूदा डेटा प्लान 5जी पर काम करता है, इसके चलते 5जी इनेबल्ड डिवाइसेज वाले ग्राहक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उच्च गति वाले एयरटेल 5जी प्लस नेटवर्क का आनंद ले सकेंगे, जब तक कि रोल आउट अधिक व्यापक नहीं हो जाता। एयरटेल ने अपने नेटवर्क पर तेज गति और सर्वश्रेष्ठ आवाज अनुभव प्रदान करने का वादा किया है, सेवाएं सभी 5जी स्मार्ट फोन पर काम करेंगी और पर्यावरण के अनुकूल होंगी।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए शाश्वत शर्मा, डायरेक्टर-कन्जयूमर बिजनेस, भारती एयरटेल ने कहा, एयरटेल में, हमारा मुख्य मार्गदर्शक सिद्धांत ग्राहकों की संतुष्टि है और इस पर हमारा सबसे अधिक ध्यान है। जैसे-जैसे हम अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं, हमने अपने ग्राहकों से उनकी जिज्ञासा और नई तकनीक का अनुभव करने की इच्छा के बारे में सुना है। हमारे स्टोर्स में डेमो जोन एयरटेल 5जी प्लस का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करेगा और इसमें हमारे ग्राहकों के जीवन में बदलाव लाने की क्षमता है। मुझे यकीन है कि ग्राहक यहां दिए गए अनुभव को पसंद करेंगे, क्योंकि हम देश के कोने-कोने में अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं।

पिछले एक साल में, एयरटेल ने विभिन्न प्रभावशाली उपयोग मामलों के माध्यम से 5जी तकनीक की क्षमता का प्रदर्शन किया है जो लोगों के व्यक्तिगत जीवन और बिजनेस के तरीके में बदलाव ला सकता है। इनमें हैदराबाद में भारत का पहला लाइव 5जी नेटवर्क लॉन्च करना, 1983 क्रिकेट विश्व कप में कपिल देव की ऐतिहासिक 175 रन की पारी के स्टेडियम के अनुभव को फिर से बनाना, पहले 5जी-सक्षम ग्रामीण स्कूल को चालू करना, भविष्य के लिए 5जी तकनीक के व्यावहारिक अनुप्रयोगों का प्रदर्शन करना शामिल है। अपने चाकन निर्माण सुविधा में 5जी को लागू करने के लिए महिंद्रा एंड महिंद्रा एयरटेल के साथ साझेदारी कर रहा है। एयरटेल ने खुद को 5जी स्पेस के हर क्षेत्र में एक अग्रणी इनोवेटर के रूप में स्थापित किया है।

# खास खबर...भोपाल में बिक रहे पैकेज्ड.....


## प्रथम पेज का शेष...

एक और कंपनी ओजस इंटरप्रायजेस गोविंदपुरा भोपाल पर लेबलिंग एंड पैकेजिंग रेग्यूलेशन के उल्लंघन में मिथ्या छाप एंड ओजस पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर का निर्माण व पेकिंग कर संग्रह एवं विक्रय करने के अपराध पर जिला दंडाधिकारी भोपाल में वाद दायर किया है। यह कंपनी भारतीय मानक ब्यूरों से लायसेंस प्राप्त है परंतु अमानक तथ्यों के आधार पर 02-06-22 को इसके विरुध्द कारवाई की गई है। हाल ही में खाद्य अधिकारी भोचाल ने तोयम इंटरप्रायजेस, बिसनखेड़ी भोपाल पर बिना फुड लायसेंस के मिथ्या छाप एवं प्रतिबंधित पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर [ तोयम मिनरल वॉटर) के उत्पादन, संग्रह और विक्रय के अपराध पर जिला दंडाधिकारी भोपाल के समक्ष वाद दायर किया है। ताज्जुब की बात तो यह है कि स्वयं भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल ने बीआईएस मार्क ले चुकी कंपनियों का कोई पीरियाडिक इंस्पेक्शन नही किया है। ये तथ्य बताते हैं कि जनता किस गुणवत्ता का पानी पी रही है?

आरओ वॉटर के नाम से संशय बरकरार

पैकेन्ड ड्रिंकिंग वॉटर के अलावा शहर में आरओ वॉटर के नाम पर कई कंपनियां 20 लिटर जार में पानी बेच रही है। इन पर न तो सही तरीकों से लेबलिंग होती है और न ही इनकी गुणवत्ता का कोई मानक है। इस संबंध में ओपन आई के रमेश शर्मा ने जब जिला खाद्य अधिकारी को मय आदेशों की प्रति के साथ-शिकायत की, तो अभिहित अधिकारी जिला खाद्य सुरक्षा प्रशासन भोपाल ने आयुक्त खाद्य सुरक्षा मधु से मार्गदर्शन मांग लिया ताकि 20 लिटर जार में आर. ओ. वॉटर बेचने वाले व्यवसायियों पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियमों का पालन किया जा सके। ये बात यह तो साफ करती है कि कैन में भरा पानी और आर.ओ. वॉटर के नाम पर 20 लिटर जार में बिकने वाला पानी न तो गुणवत्ता के दृष्टिकोण से जांचा जा रहा है और न ही मानकों के अनुरूप बनाया जा रहा है मगर शहर में हजारों लोग ऐसे जाती को खरीदकर पी रहे है बिना ये जाने कि वह पानी किस तरह से बनाया जा रहा है?

जिस तरह खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन हो रहा है, वह आम जनता के लिए खतरनाक है। जिन सरकारी विभागों यानी, फूड सेफ्टी अथार्टी, भारतीय मानक ब्यूरो और स्थानीय प्रशासन को एक्ट के पालन की जिम्मेदारी दी गई है, वे अगर नियमों के पालन में आक्रामकता नही अपनाते हैं तो इसके दुष्परिणाम आम जनता को भुगतने होंगे। ये कटु सत्य है कि उपभोक्ता का एक बड़ा वर्ग खाद्य सुरक्षा नियमों के प्रति अनभिज्ञ है और उसे इतनी जागरूकता के रूप में कोई जानकारी नही मिलती है, इसलिए इन जिम्मेदारों को ही पूरी शिद्दत के साथ जिम्मेदारी निभानी होगी क्योंकि मामला लोगों की सेहत से जुड़ा है।


कार्यालय आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन
मध्यप्रदेश
क्र.-03/खाद्य/02/15ए/2020 | 1744
भोपाल, दिनांक 24-03-
प्रति,
समस्त अभिहित अधिकारी,
खाद्य सुरक्षा प्रशासन
मध्यप्रदेश।

माननीय न्यायालय न्याय-निर्णायक अधिकारी, जिला-भोपाल
प्रकरण क्रमांक
दिनांक
मध्यप्रदेश शासन द्वारा ...देवेन्द्र कुमार दुबे-खाद्य सुरक्षा अधिकारी
खाद्य सुरक्षा प्रशासन
जिला-भोपाल, म. प्र.
-विरुद्ध-

Scanned by CamScanner

# शहर सरकार ने 235 करोड़ बजट पारित किया

## नहीं बढ़ाया कोई भी टैक्स, विपक्षी पार्षदों ने किया हंगामा

**छिंदवाड़ा ।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा का आम बजट निगम सभाकक्ष में परिषद की बैठक में प्रस्तुत हुआ। बैठक की शुरुआत में राष्ट्रगान से हुई एवं समाप्ति पर राष्ट्रगीत का गायन से हुआ। बैठक के अंत में पूर्व पार्षद राजेश भोयर, निगमकर्मी नरेश यादव और शेख कलाम को श्रद्धांजलि दी गई।

निगम अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनू मागो की अध्यक्षता में आयोजित हुई परिषद की बैठक में आम बजट सहित 6 प्रस्ताव बहुमत से पास किए गए। बैठक में भाजपा के पार्षदों ने अपने प्रस्ताव शामिल नहीं किए जाने पर विरोध जताया और हंगामा करते हुए बाहर चले गए।



नगर पालिक निगम के महापौर विक्रम अहके ने बताया कि यह उनकी सरकार का प्रथम आम बजट है जिसमें शहर के सर्वांगीण विकास का एवं सुरक्षा का ध्यान रखा गया है। जन हितेषी इस बजट में कोई भी नया कर एवं पुराने कर में किसी भी प्रकार की वृद्धि निगम सरकार द्वारा नहीं की गई है शहर सरकार द्वारा 235 करोड रुपए का बजट प्रस्तुत किया गया जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 15.81 अधिक है। इस बजट में खास बात यह रही कि जन सुविधा हेतु अधिक से अधिक राशि आवंटित हो इसके लिए निगम के प्रशासनिक एवं राजस्व व्यय में कटौती की गई है

इस राशि को जन सुविधा हेतु शहर में खर्च किया जावेगा। वर्ष 2023-24 के इस बजट में शहर के स्वच्छता, सौंदर्यकरण, आधारभूत सुविधा के लिए नवीन उपकरण क्रय किए जाएंगे। जिसमें प्रमुख रुप से सड़कों की सफाई हेतु रोड स्वीपिंग मशीन फायर सेफ्टी वाहन एवं 10 डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहन शामिल है।

### सम्पत्ति कर में एक मुश्त जमा पर छूट

निकाय द्वारा नागरिकों को संपत्ति कर की एक मुश्त अदायगी माह सितम्बर 2023 तक किए जाने पर संपत्ति कर में 6.25 प्रतिशत की छूट प्रदाय की जावेगी । निगम द्वारा मुख्यमंत्री शहरी गरीबी उन्मूलन योजना अंतर्गत बजट में प्रावधान किया गया है, जिसके तहत् आर्थिक रूप से कमजोर / गरीबी रेखा के हितग्राहियों को एन0यू0एल0एम0 योजना अंतर्गत 1000 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना प्रस्तावित हैं।

### करों का घर बैठे भुगतान की सुविधा

डिजिटल इंडिया के परिपालन में ई-नगर पालिका मॉडयूल अंतर्गत नागरिकों को संपत्ति कर, जलकर किराया एवं अन्य भुगतान घर बैठे भुगतान की सुविधा प्राप्त है। साथ ही मशीन, गूगल पे, क्यू आर कोड आदि से भी नागरिकों को कर भुगतान की सुविधा निकाय द्वारा प्रदाय की गई हैं।

### स्वच्छता में टॉप टेन में आने का लक्ष्य

स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 अंतर्गत निकाय का संपूर्ण देश में स्वच्छता फीडबेक में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ हैं, निकाय को स्वच्छता सर्वेक्षण में संपूर्ण देश में 14 वां स्थान एवं प्रदेश में 03 रा स्थान प्राप्त हुआ हैं। इस हेतु निकाय को दिल्ली में एवं भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया है। निकाय द्वारा की गारवेज सिटी अंतर्गत श्री स्टॉर रेकिंग प्राप्त की जा चुकी हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की तैयारी के अंतर्गत फाईव स्टॉर रैंकिंग हेतु निकाय प्रयासरत हैं।

### चारफाटक रेल्वे ब्रिज का नाम गुरूगोविंद सिंह सेतू

चारफाटक के रेल्वे ब्रिज का नामाकरण श्री गुरू गोविंद सिंग सेतु रखे जाने हेतु एमआईसी की बैठक महापौर की अनुमति से रखी गई, अतिरिक्त प्रस्ताव क्र 05 में स्वीकृति दी गई है। परिषद के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में महापौर विक्रम अहके, निगम अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनू मागो, नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे समस्त सभापति, पार्षद विधायक प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे

# मध्यप्रदेश को मदिरा प्रदेश कहना निंदनीय: कविता पाटीदार

### भाजपा का विकास कांग्रेस को पच नहीं रहा: विवेक साहू

### गुरैया पंचायत को बर्बाद करने में तीन नाथ का हाथ



**छिंदवाड़ा ।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शराब दुकानों के अहाते बंद किए और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ मध्यप्रदेश को मदिरा प्रदेश कहकर बदनाम करना चाहते है जिसकी मैं घोर निंदा करती हूँ। उक्त बातें छिंदवाड़ा में पत्रकारों को संबोधित करते हुए भाजपा की प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार ने कही। उन्होने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व मध्यप्रदेश सरकार जनहित में अच्छा काम कर रही है। कोरोना कल में टीकाकरण, युवाओं के लिए अच्छी योजनाएं बनाई। हम विकास यात्रा के माध्यम से गांव गांव जा रहे है। जहां हम विकास की बात कर रहे है। तथाकथित लोग विकास का विरोध कर रहे है। जिसकी में घोर निंदा करती हूं। शिवराज के नेतृत्व में आज प्रदेश अग्रणी है। 2003 के पहले मध्यप्रदेश की हालत खराब थी। आज गुरैया में कांग्रेस के द्वारा विकास यात्रा को रोका गया। ये लोग विकास का विरोध कर रहे है। भाजपा गरीबों का विकास कर रही है, जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। गरीब का विकास कांग्रेस को पच नहीं रहा है। इस घटना की कड़ी निंदा करता हूँ।

श्री साहू ने बताया की गुरैया जैसी बड़ी ग्राम पंचायत को बर्बाद करने वाले तीन नाथ हैं। जिसमें पहला कमलनाथ दूसरा नकुल नाथ और तीसरे विश्वनाथ का नाम लिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री साहू ने कमलनाथ पर और कांग्रेसियों पर निशाना साधते हुए कहा कि आज गरीबों को मकान भोजन और स्वाभिमान मिल रहा है, जो कांग्रेसियों और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को नहीं पच रहा है। इस अवसर पर नरेश दिवाकर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शेषराव यादव, कन्हईराम रघुवंशी, जिला मीडिया प्रभारी संदीप सिंह चौहान उपस्थित थे।

### वर्तमान तिथि तक के आयुष्मान कार्ड बनाये जावे

प्रदेश मंत्री व राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार ने कहा कि आयुष्मान कार्ड में 2011 की सीमा को समाप्त करते हुये, वर्तमान तिथि का कार्ड बनाने की बाते वे राज्यसभा में उठायेंगी, जिससे सभी लोगों को आयुष्मान कार्ड का लाभ मिल सके।

वर्तमान में आयुष्मान कार्ड 2011 की जनगणना के अनुसार बनाये जा रहे है जबकि वर्तमान 2023 चल रहा, करोड़ो लोग इसके पात्र है।

# संस्कृत विषय में रोजगार के अपार संभावनाएं: जितेंद्र जैन

**छिंदवाड़ा ।** डॉ. अस्मिता मुंजे प्रभारी प्राचार्य के



मार्गदर्शन में संस्कृत विभाग, राजमाता सिंधिया शासकीय पीजी कन्या महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान माला के विषय विशेषज्ञ जितेन्द्र जैन उच्च माध्य. शिक्षक वर्ग 01. शासकीय उच्च माध्य. विद्यालय सिंगोड़ी के द्वारा संस्कृत विषय में रोजगार के अवसर पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया एवं विशिष्ट अतिथि बादल भारद्वाज श्रेयान स्टूडियों के द्वारा संस्कृत विषय में संगीत की उत्पत्ति के बारे उदबोधन दिया गया। श्री मनोहर मसदकर ने अपने उदबोधन में सामवेद में संगीत पर प्रकाश डाला गया एवं डॉ. निलिमा बागड़े द्वारा मन सभी अनुभूतियों का अगवा होता है पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. जे.एल. हनोते सहायक प्राध्यापक संस्कृत द्वारा किया गया एवं डॉ. उषा भारती द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में डॉ. श्रीपद अरोणकर, श्रीमती स्मिता अलडक, सुरेन्द्र डोले, श्रीमती अगवरी महके किया समाज सेविका, डॉ. विनिता नेटटी, रेशमा खान, उत्सव वैरागी, श्री प्रमोद झाडे सहित अधिक से अधिक छात्राएं उपस्थित रही।

# विकास यात्रा में हित लाभ पत्रों का हुआ वितरण

## जनप्रतिनिधियों ने समस्याएँ सुनी

**छिन्दवाड़ा ।** मोहखेड़ विकासखंड के ग्राम टेमनी खुर्द में विकास यात्रा का आगमन हुआ, इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा विकास यात्रा का भव्य तरीके से स्वागत किया गया, स्कूली बच्चों के द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई, कार्यक्रम के दौरान कन्या पूजन का कार्यक्रम मुख्य अतिथि बिंदु लालसिंह बट्टी, जनपद सदस्य बबीता सल्लाम, वरिष्ठ भाजपा नेता ऋषि सोनी, संतोष साहू ,जिला मंत्री लालसिंह बट्टी, मंडल उपाध्यक्ष रामेश्वर महादुले, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत गाडरे एवं सरपंच के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत जूनापानी, महलारी वाकुल के सचिवों एवं क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा विकास एवं



उपलब्धियों से संबंधित प्रगति प्रतिवेदनओं का वाचन किया गया। मंडल महामंत्री भगवानदास घागरे ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास के लिए जनभागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के दौरान ऋषि सोनी द्वारा ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित को मौके पर हल कराने के लिए कहा गया। विकास यात्रा के दौरान जन अभियान परिषद कि नवांकुर संस्था -वीणा एजुकेशन एंड डेव्लपमेंट सोसायटी के प्रतिनिधि राजेश धारे एवं सीएमसीएलडीपी मेंटर कैलाश सोनेवार द्वारा विकास यात्रा में मंच संचालन तथा व्यवस्था प्रबंधन में सहभागिता देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम संपादित कराया गया।

# करियर फर्स्ट के विद्यार्थियों को महापौर ने किताबें वितरित कीं



**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ की पहल पर करियर फर्स्ट के विद्यार्थियों को किताबें वितरित की गई। इस अवसर पर युवाओं को सम्बोधित करते हुये नगर पालिक निगम महापौर विक्रम अहके ने कहा कि उनका जीवन भी संघर्षों से भरा रहा है। उन्होंने 4 बार पुलिस एवं सीआरपीएफ की लिखित परीक्षा पास की, 3 प्रयासों में ग्राउंड हीं निकाल पाने की वजह से चयनित नहीं हो पाये। अपने चौथे प्रयास में चयनित होने पर हाथ में चयन पत्र था किन्तु मुझे समाज सेवा राजनीति के माध्यम से करना था और आज महापौर की जिम्मेदारी के साथ आमजन की सेवा करने का प्रयास कर रहा हूं। इसीलिये युवाओं से कहना चाहता हूं कि हताशा को हावी न होने दें, प्रयास करते रहें मंजिल जरूर मिलेगी। उक्त बातें पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ की पहल पर सोनी कम्प्यूटर एजुकेशन गुलाबरा में संचालित करियर फर्स्ट में आयोजित नि:शुल्क किताब वितरण समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों से महापौर विक्रम अहके ने कही।नगर निगम जलप्रदाय विभाग के सभापति प्रमोद शर्मा ने कहा की हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा है। अत- विद्यार्थी सफलता के लिये पूरी ईमानदारी से मेहनत करते रहें। जिला कांग्रेस कौशल विकास समन्वयक आतिश ठाकरे ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि श्री कमलनाथ एवं श्री नकुलनाथ निरंतर करियर फर्स्ट की जानकारी मुझसे लेते हैं। कोचिंग में विद्यार्थियों को मिल रहे प्रशिक्षण, किताबें एवं अन्य सुविधाओं एवं समस्याओं की जानकारी मुझे नियमित देनी होती है, क्योंकि उन्हें युवाओं के भविष्य की चिंता हमेशा रहती है। 1 मार्च से एमपीपीएससी, बैंक, रेलवे, एसएससी, पीइबी के बैच प्रारंभ करने की बात कही। कार्यक्रम में पटवारी, पुलिस आरक्षक, बैंक, रेलवे, एसएससी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को प्रबंधन, कम्प्यूटर, करंट अफेयर्स की किताबों का वितरण किया गया। किताबें मिलने पर विद्यार्थियों कमलनाथ व नकुलनाथ का आभार व्यक्त किया।

# दुष्कर्म करने वालों को कड़ी सजा दी जाये

## प्रेस क्लब ने आरोपियों पर कड़ी सजा देने की मांग की



### मकान पर बुलडोजर चले,देरी से कार्रवाई करने वाले पुलिस वालों पर कार्रवाई हो

**छिंदवाड़ा ।** प्रेस क्लब ने नाबालिग बच्ची के साथ दुराचार करने की घटना की निंदा की है और आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने हेतु कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सदस्यों ने मांग की है कि पुलिस ने मामले को दबाया जब मीडिया में बात आई तो पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ और प्रकरण दर्ज किया। पत्रकारों ने मांग की है कि दोषियों का प्रकरण फास्ट कोर्ट में चलाया जावे एवं मुख्यमंत्री से मांग की है कि आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर भी चलाया जावे। इसके अलावा कई समाज सेवी संगठनों ने पीड़िता की सहायता और उसके पुर्नवास की मांग की है एवं दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की जिससे भविष्य में ऐसी घटना न हो।

### कैंडल मार्च निकाली




**छिंदवाड़ा।** चार फाटक क्षेत्र में मासूम के साथ हुए दुष्कर्म के विरोध में,आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने एवं पीड़िता व उसकी मां को न्याय दिलाने हेतु एवं उचित सहायता राशि दिलाए जाने हेतु मेरे एवं भारी मात्रा में युवाओं ने फव्वारा चौक में उग्र आंदोलन किया गया,साथ ही साथ कोतवाली थाने तक कैंडल मार्च निकालकर टी.आई. महोदय को ज्ञापन सौपा एवं दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी सज़ा मिले ऐसी मांग की गई।ज्ञापन सौंपने वालों में प्रबल सक्सेना, विशु बैस, अजय ठाकुर, रोबिन मालवी सहित अन्य युवा शामिल थे।

### राष्ट्रीय विचार मंच ने दिया ज्ञापन



**छिंदवाड़ा।** विगत दिनों छिंदवाड़ा शहर में दिल को दहला देने वाली घटना हुई जिसमें छोटी सी मासूम बालिका का कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बलात्कार किया गया क्रूरता एवं मानवता को शर्मसार करने वाली यह घटना है राष्ट्रीय विचार मंच के जिला संयोजक हिमाचल ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों के खिलाफ जिला पुलिस अधीक्षक महोदय एवं जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया जिसमें मांग की गई ऐसे अपराधियों को कठोर से कठोर सजा मिले और मानवता को शर्मसार करने वाली ऐसी घटना भविष्य में ना हो ज्ञापन देने वालों में दीनदयाल मोहने हिमाचल ठाकुर प्रवीण चौधरी, अमित मेहता, शशिकांत वर्मा, नितेश गुप्ता, विनीत साहू, मनोज राजपूत, सनी मालवीय, नीलेश दुबे, अंकित चौहान, इंद्रजीत पटेल, गोलू महाराज, सनम मालवी, मोंटी शर्मा, आकाश मिश्रा, कमलेश वर्मा, छोटू डेहरिया, राहुल पाल, अकाश पटेल, प्रिंस गुप्ता, चिंटू यादव, नरेश नामदेव, आकाश पाल, गोपाल गोवा, टीनू मालवी, श्रीकांत विश्वकर्मा गौरव विश्वकर्मा सौरभ दुबे, मनी मालवीय, अजय तिवार,ी, सोनू कहार, अभिजीत ठाकुर, जय साहू जतिन साहू, सौरभ पटवा, वैभव प्रजापति, नरेंद्र शुभम साहू, अमन मडेके, अजय पटेल, सुजल आदि बड़ी संख्या में राष्ट्रीय विचार मंच के कार्यकर्ता उपस्थित हुए थे

# देशी मदिरा दुकान का स्थानांतरण भाजीपानी सरपंच ने सौपा ज्ञापन



**परासिया ।** दिन गुरुवार को ग्राम पंचायत भाजीपानी की सरपंच श्रीमति जयवन्ति कुमरे के द्वारा ग्राम भाजीपानी के बीचो बीच स्थित देशी मदिरा दुकान का स्थानांतरण के लिये अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) तहसील परासिया को ज्ञापन सौपा गया और सरपंच जयवन्ति कुमरे के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को अवगत कराया गया की जिस जगह मै शराब दुकान को चलाया जा रहा है उसके 40मीटर मै आंगनबाड़ी केंद्र और हॉस्पिटल एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय है और ये सारे सरकारी संस्थान है और शासन के नियम के अनुसार शासकीय संस्थान से 100मीटर की दुरी शराब दुकान की होना चाहिए जो की नहीं है आये दिन शराब दुकान मै शराबियो का जमाबाड़ा लगा रहता है और गाली गलोच उनके द्वारा कि जाती है और ग्राम के माहौल को गन्दा किया जा रहा इस प्रकार का माहौल को सुधारने और ग्राम मै शान्ति बनाये रखने के उद्देश्य से ज्ञापन सौंपते हुए सरपंच श्रीमति जयवन्ति कुमरे ने यह भी कहा की अगर भविष्य मै इस शराब दुकान का स्थान परिवर्तन नहीं किया गया तो ग्राम की जनता और ग्राम पंचायत की परिषद के द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जबाबदारी शासन प्रशासन की होंगी इस ज्ञापन मै मुख्य रूप से ग्राम के वार्ड पंच अजमेरा शाह, पृथ्वीराज कहार, राहुल कुमरे, अंकित वर्मा ,दीपक कहार, शैलेन्द्र यादव, धमेन्द्र कहार, राजकिशोर सोनी, सचिन उपस्थित रहे ।

# लेंस लेकर ढूंढने पर नहीं मिलता लोक सेवा केंद्र

**परासिया ।** मध्यप्रदेश शासन ने जब से अधिकांश प्रमाण पत्रों को लोक सेवा केंद्र से बनाना प्रारंभ किया है तभी से लोक सेवा केंद्र की पूछ परख बहुत अत्यधिक बढ़ गई है इसी कड़ी में परासिया लोक सेवा केंद्र जो की जनपद पंचायत परासिया के समीप है अतिक्रमण की चपेट में इतना अधिक आ गया है कि लोगों को लेंस लेकर ढूंढने पर भी नहीं मिलता है ज्ञातव्य हो कि लोक सेवा केंद्र से 80त्न ग्रामीण जनता प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनवाने आती है लेकिन लोक सेवा केंद्र पर किसी प्रकार का कोई बड़ा बोर्ड नहीं लगा है और ना ही शहर में कहीं लिखा है कि लोक सेवा केंद्र इस तरफ स्थित है शासन की लापरवाही के कारण ग्रामीण और शहरी जनमानस को लोक सेवा केंद्र ढूंढने में बहुत परेशानी होती है उक्त बात की शिकायत लोगों ने कलेक्टर छिंदवाड़ा कमिश्नर जबलपुर और सीएम हेल्पलाइन पर भी की लेकिन इसका कोई असर नहीं देखने को मिला अतिक्रमण जस का तस है और लोक सेवा का कोई भी बोर्ड या बैनर लोक सेवा केंद्र पर स्थापित नहीं है।

# मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी बीमा योजना प्रारम्भ करने, पूर्व सीएम कमलनाथ ने लिखा सीएम को पत्र

## कांग्रेस सरकार ने प्रारम्भ की थी योजना

**छिन्दवाड़ा ।** जिले व प्रदेश के समस्त शासकीय सेवारत व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वास्थ्य लाभ को सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने "मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी बीमा योजना" प्रारम्भ की थी ताकि कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अस्वस्थ होने की दशा में इस योजना का पूर्ण लाभ प्राप्त हो सके। किन्तु प्रदेश की भाजपा सरकार ने तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी इस योजना का लाभ कर्मचारियों को नहीं दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ ने अपने अर्द्ध शासकीय पत्र क्रमांक- 194 के माध्यम से मुख्यमंत्री का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।पूर्व सीएम कमलनाथ ने अपने प्रेषित पत्र में लिखा कि मप्र में शासकीय सेवा में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को सामान्य बीमारी की दशा में 5 लाख रुपये तथा गम्भीर बीमारी की दशा में 10 लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा सुनिश्चित कराने हेतु कांग्रेस सरकार द्वारा "मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी बीमा योजना" लागू की गई थी। इस योजना के माध्यम से 7.5 लाख सेवारत तथा 5 लाख सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों और उनके परिवारों को उपचार की सुविधा सुनिश्चित की गई थी। योजना के क्रियान्वयन हेतु कर्मचारियों के परिवार के आश्रित सदस्यों का विवरण आईएफएमआईएस अद्यतन करने के लिये वर्ष 2020 में वित्त विभाग द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया था, परन्तु 3 वर्ष के दीर्घकाल व्यतीत होने के उपरांत भी योजना का लाभ सरकार द्वारा कर्मचारियों के लिये सुनिश्चित नहीं किया गया है। श्री कमलनाथ ने आगे उल्लेख किया कि कर्मचारी संगठनों के द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि "मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी बीमा योजना"लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है साथ ही कर्मचारी संगठन योजना को शीघ्र लागू करने की मांग भी कर रहे हैं।पूर्व सीएम कमलनाथ ने अपने पत्र के माध्यम से सीएम शिवराज सिंह चौहान को अवगत कराया कि योजना के लागू करने से कर्मचारियों एवं सरकार के वित्तीय हित सुरक्षित होते, सरकार का व्यय कम होता और कर्मचारियों एवं उनके परिवार को सुविधायुक्त शीघ्र स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित होता।



# भाजपा के राज में सुरक्षित नहीं है बहन-बेटियां: कांग्रेस

## नाबालिग मासूम के साथ हुये दुराचार के अपराध में कांग्रेस का फूटा आक्रोश

**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश की निर्लज्ज भाजपा सरकार और अकर्मण्य सीएम शिवराज सिंह चौहान के राज में बहन, बेटियां एवं मासूम बच्चियां सुरक्षित नहीं है। बेटियों को अपने स्वाभिमान को सुरक्षित रखने हेतु स्वयं संघर्ष करना पड़ रहा है, क्योंकि भाजपा का सरकारी तंत्र अपराध रोकने के लिये अपराधियों पर कार्रवाई करने की बजाये उन्हें संरक्षण दे रहा है। प्रदेश के ढोंगी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जाने किस मुंह से लाड़ली बहना योजना चला रहे हैं, वे पहले माताओं बहनों को सुरक्षा उपलब्ध करायें। अपने आपको मामा बताते हैं, लेकिन उनके राज में तो बेटियों के साथ रोज अपराध घटित हो रहे हैं। अब उन्हें मामा कहें या फिर कंस मामा उक्त उदगार कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को स्थानीय कोतवाली थाना परिसर में ज्ञापन सौंपते हुये व्यक्त किये। जिले के संवेदनशील सांसद नकुलनाथ ने मासूम बेटी के साथ घटित हुये अपराध पर संज्ञान लिया तब जाकर जिला मुख्यालय पर पदस्थ पुलिस अधिकारी ने सम्पूर्ण घटनाक्रम को गम्भीरता से लेते हुये मामले में की गई कार्रवाई और अपराधियों को गिरफ्तार किये जाने व सम्पूर्ण कार्रवाई से मीडिया को अवगत कराया। इसके पूर्व तक पुलिस सम्पूर्ण प्रकरण पर पर्दा डाले हुये थी। विदित हो कि नगर में गत दिवस नाबालिग बच्ची के साथ दरिंदगी की घटना घटित हुई, पीड़िता अपनी मां से घटनाक्रम बताती है जिसके उपरांत वह धरमटेकड़ी पुलिस चौकी पहुंचती है, किन्तु उसकी वहां सुनवाई नहीं होती और उसे महिला थाना भेजा जाता है। मानसिक रूप से कमजोर मां अपनी पीड़िता मासूम बेटी को लेकर एक से दूसरे थाने के चक्कर काटती है फिर भी पुलिस अपराध दर्ज नहीं करती। पुलिस ने अति गम्भीर अपराध में भी लापरवाही बरतने में कोई कसर नहीं छोड़ी, अपराध दर्ज किया जिसके उपरांत भी पुलिस ने सम्पूर्ण मामले को अंधेरे में रखा। कांग्रेस ने पुलिस की इस लापरवाह कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुये कहा कि नाबालिग बालिका के साथ सामूहिक दुराचार की गंभीर घटना घटित हुई और पुलिस मूकदर्शक बनी रही। इस सम्पूर्ण प्रकरण में पुलिस के द्वारा कार्यवाही की गई किंतु विलंब से की गयी जबकि ऐसे अति गंभीर प्रकरण पर तत्काल कार्यवाही की जानी चाहिये थी लेकिन पुलिस द्वारा लापरवाही बरती गई जो निंदनीय है और भविष्य में इस तरह की पुर्नावृत्ति ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखने के लिये पुलिस को चेताया गया। नाबालिग बच्ची के साथ घटित हुये अपराध के मामले में आज कांग्रेस का आक्रोश फूट पड़ा। कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन से प्रदेश की भाजपा सरकार की नाकामी और बढ़ते अपराध के खिलाफ नारेबाजी करते हुये कोतवाली थाना पहुंचे। कांग्रेस ने उक्त प्रकरण में दोनों दोषियों के विरूद्ध एक समान कठोर कार्यवाही करते हुये पीड़िता एवं उसकी मां की मानसिक मनोदशा को देखते हुये उनका व्यवस्थित व्यवस्थापन किये जाने व शहर में पुलिस बल की तैनाती बढ़ाने की मांग की है साथ ही दोनों अपराधियों पर कानून की समान धाराओं में अपराध कायम कर उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की मांग की है। कांग्रेस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार उइके को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से यह चेतावनी भी दी है कि मासूम बेटी के साथ घटित हुये इस अपराध में समूचित कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस उग्र प्रदर्शन करेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



# भक्ति भाव में डूबे मुख्यमंत्री ने ऐसा भजन गाया कि झूम उठे श्रद्धालु

**इन्दौर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सांवेर पहुँचकर अयोध्या के संत प्रेम भूषण महाराज द्वारा कही जा रही राम कथा का श्रवण किया। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के आमंत्रण पर श्री चौहान सांवेर पहुँचे थे। कथा श्रवण के पश्चात मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भक्ति भाव से परिपूर्ण ऐसा भजन गाया कि भजन सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भी झूम उठे। उन्होंने कहा कि ''राम भजन सुखदायी, जपो रे मेरे भाई'' भजन, उन्होंने बचपन से ही अपनी दादी माँ से सुना था जो आज भी उन्हें प्रेरणा से भर देता है।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कथा स्थल पहुंचकर व्यास पीठ का पूजन किया और महाराज श्री का वंदन भी किया। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच जाकर पुष्प वर्षा करते हुए उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि रोम रोम में राम हैं, सकल विश्व में वही समाए हुए हैं। हर आत्मा में परमात्मा का अंश है। हमारा भारत वर्ष विश्व के कल्याण की भावना में चलता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ईश्वर प्राप्ति के भक्तिमार्ग और ज्ञान मार्ग के साथ-साथ कर्म मार्ग की भी व्याख्या की। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने निर्धारित दायित्वों का शुचिता से निर्वहन करें तो यह जगत सुंदर और कल्याण से परिपूर्ण हो जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अच्छे कर्मों से भी ईश्वर मिलते हैं। उनके मन में लाड़ली लक्ष्मी के बाद लाड़ली बहना योजना बनाने और क्रियान्वित करने का विचार भी ईश्वर की प्रेरणा से आया है। उन्होंने कहा कि बहनें कई बार आर्थिक दिक़्क़त में रहती हैं, उन्हें छोटी-छोटी सी राशि के लिए भी तरसना पड़ता है। राखी में भाई, बहन को उपहार देता है। उनके मन में भी ख़याल आया कि मुख्यमंत्री होते हुए वे भी प्रदेश की बहनों के भाई है और लाड़ली बहना के रूप में वे अपने भाई होने का कर्तव्य निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और उनके परिवार को सांवेर में ऐसा भक्तिमय वातावरण निर्मित करने के लिए साधुवाद भी दिया। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज की कथा समापन पर व्यास पीठ की आरती में भी शामिल हुए। कथा के दौरान विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, सांसद शंकर लालवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संभागायुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा, कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी, पुलिस महानिरीक्षक राकेश कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में भक्त श्रोतागण उपस्थित थे।



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर की 80 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती कलावती शर्मा तथा उनके 4 वर्षीय पोते बालक अच्युत के साथ सप्तपर्णी ,पीपल और जामुन के पौधे लगाए।

# कई आईएफएस अफसरों के तबादले

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल

राज्य शासन ने दो अलग-अलग सूची में कई आईएफएस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों में कई वन मंडल अधिकारी इधर से उधर हुए हैं।

यूके सुबुद्धि अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्य कार्यपालन अधिकारी मध्यप्रदेश बांस मिशन को अब मुख्यालय में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक विकास बनाया गया है। राजेश राय वन संरक्षक कार्य योजना रीवा को वन संरक्षक रीवा बनाया गया है। राजवीर सिंह उप वन संरक्षक को वन मंडल अधिकारी पर्यावरण वानिकी वन मंडल भोपाल बनाया गया है।

इसके अलावा अजय कुमार यादव अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण भोपाल को अब मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, आदर्श श्रीवास्तव वन संरक्षक मंदसौर को वनरक्षक कार्य योजना इंदौर, अनुपम सहायक वन संरक्षक सीहोर को वनरक्षक राजगढ़, बी एस बघेल डीएफओ देवास को उप वन संरक्षक वन बल प्रमुख कार्यालय भोपाल, बृजेंद्र श्रीवास्तव डीएफओ ग्वालियर को डीएफओ छिंदवाड़ा, प्रकाश कुमार वर्मा डीएफओ पालपुर कूनो श्योपुर से उप संचालक टाइगर रिजर्व सिवनी, पुनीत गोयल छ्स्न्ह्व मंडला से उपसंचालक कान्हा टाइगर रिजर्व, हेमंत कुमार रायकवार गुना से डीएफओ अब्दुल्लागंज, विजय कुमार डीएफओ अब्दुल्लागंज से डीएफओ रायसेन, मगन सिंह डावर उप वन संरक्षक मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम को प्रतिनियुक्ति से वापस लेते हुए डीएफओ सीहोर, रजनीश कुमार सिंह उपसंचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी से डीएफओ पालपुर कूनो श्योपुर, ऋषिभा सिंह नेताम उप संचालक कान्हा टाइगर रिजर्व मंडला से डीएफओ पूर्व मंडला, गर्वित गंगवार उप वन मंडल अधिकारी खरगोन से प्रभारी वन मंडल अधिकारी उत्तर पन्ना, अनुराग तिवारी उपमंडल अधिकारी खंडवा से वन मंडल अधिकारी बड़वाह, नित्यानंतम उपमंडल अधिकारी बालाघाट से वन मंडल अधिकारी पश्चिम मंडला और सर्वेश सोनवानी उपमंडल अधिकारी गुना से वन मंडल अधिकारी गुना पदस्थ किए गए हैं।

## इंदौर में कमा देख प्रसन्न हुआ जर्मनी से जुड़ा दल

**भोपाल।** केएफडब्ल्यू बैंक जर्मनी से जुड़े उच्च स्तरीय दल ने गुरुवार को इंदौर का दौरा किया। दल ने स्मार्ट मीटरिंग, बिजली वितरण, मीटर परीक्षण प्रयोगशाला आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस दल में प्रमुख रूप से हिली हेनेब, साकेत घोष, हेमंत भटनागर आदि ने इंदौर शहर के चार फीडरों पर हुए स्मार्ट मीटरिंग कार्य को देखा।

# दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर मंडल पर ईएमयू के पिछले 03 डिब्बों का पटरी से उतरना (एक यात्री की दृष्टि)





कल 12.50 बजे की घटना। प्रथम दृष्टया कारण ट्रैक का टेढ़ा होना।पटरी से उतरे स्थल के निरीक्षण के बाद, संबंधित इंजीनियरिंग अधिकारी ने निम्नलिखित पाया है-

एलसी 27 सहित 5 किलोमीटर (एडब्ल्यूआर 13 किलोमीटर) का रेल नवीनीकरण 22 जनवरी 23 को किया गया था। दिनांक 10.02.23 की रात को समपार संख्या 27 से 8 मीटर आगे तक बीसीएम द्वारा 316 मीटर ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग की गयी। दोपहर 12.25 बजे, जब रेल का तापमान उच्च यानी लगभग 50 डिग्री था, एलसी 27 के बाद ट्रैक में थर्मल फोर्स के कारण 8 मीटर लंबाई में हाई लॉक अप स्ट्रेस हो गया, क्योंकि नए गहरे स्क्रीन वाले गिट्टी में अनुदैर्ध्य प्रतिरोध कम था।

8 मीटर रेल में हाई लॉक अप थर्मल फोर्स के कारण ईआरसी फिटिंग टूट गई और रेल की बकलिंग हो गई। कृपया सर्दी और रात के समय किए गए कार्यों की समीक्षा करें और नियमावली के प्रावधान के अनुसार निवारक कार्रवाई करें, जैसे डेस्ट्रेसिंग, टीएफआर, ट्रैक की बैलास्टिंग, यदि आवश्यक हो तो गश्ती दल की तैनाती की जाए।
















# लघु वेतन कर्मियों ने किया आंदोलन का आगाज

भोपाल । म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रान्तीय आव्हान पर चौथे चरण का प्रदेश व्यापी आन्दोलन आज 24 फरवरी 2023 को अम्बेडकर जयंती पार्क मे 22 सूत्रीय मार्गो को लेकर धरना प्रदर्शन एवं आमसभा के माध्यम से मांगों का निराकरण करने और शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण करवाने के लिए मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम से ज्ञापन सौपा । ज्ञापन में आऊट सोर्स की भर्ती न करना, भ्रत्य की जगह सहायक, कर्मचारी की पदोन्नति, पुरानी पेंशन बहाली, कार्यभारित कर्मचारियों को नियमित करना जैसी प्रमुख मांग रखी गई है।





# लाखों टन कचरे के ढेर में भीषण आग लगी!



**इंदौर।** शहर में बायपास पर स्थित कचरे के विशाल ढेर ट्रेंचिंग ग्राउंड में गुरुवार शाम करीब 4 बजे आग लग गई। देवगुराड़िया पहाड़ी के पास ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरे का विशाल ढेर पड़ा है। कचरे के लाखों टन के ढेर में आग लगते ही पूरे इलाके में दुर्गंघ फैल गई। धुआं देखकर लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जहां आग लगी उसके पास में एशिया का सबसे बड़ा बायो सीएनजी गैस प्लांट है।

इस आग की हवा का रुख शहर की तरफ नहीं था, तो धुआं इंदौर की तरफ नहीं आया। लेकिन, नेमावर रोड की तरफ फैले धुएं के गुबार से आसपास के गांव का बुरा हाल हो गया। आग की सूचना पर पहुंचे नगर निगम के टैंकरों और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन हवा से फैल चुकी आग को बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। धुआं इतना अधिक है कि कई किमी दूर से दिख रहा है। आग लगने के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां लगातार पहुंची। बताया गया कि आग की चपेट में एक

# इंदौर-अमृतसर, इंदौर-देहरादून समेत कई ट्रेनों के रास्ते बदले!

**इंदौर।** दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ सिटी-सहारनपुर ब्लॉक के देवबंद-रुड़की नई लाइन और अप कॉमन लूप लाइन शुरू करने के लिए 2 मार्च तक नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। इसके कारण पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों के रास्ते बदले गए हैं।




पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि 1 मार्च को बांद्रा टर्मिनस से चलने वाली ट्रेन संख्या 22917 बांद्रा टर्मिनस-हरिद्वार सुपरफास्ट एक्सप्रेस वाया हजरत निजामुद्दीन-तिलक ब्रिज-दिल्ली शाहदरा-नोली-शामली-टपरी जंक्शन से चलेगी। 26 फरवरी को इंदौर से चलने वाली ट्रेन संख्या 14317 इंदौर-देहरादून एक्सप्रेस वाया हजरत निजामुद्दीन-तिलक ब्रिज-दिल्ली शाहदरा-नोली-शामली-टपरी जंक्शन से चलेगी।

26 और 27 फरवरी को मुंबई सेंट्रल से चलने वाली ट्रेन संख्या 12903 मुंबई सेंट्रल-अमृतसर गोल्डन टेंपल एक्सप्रेस वाया हजरत निजामुद्दीन-नई दिल्ली-पानीपत जंक्शन-अंबाला कैंट चलेगी। 28 फरवरी को देहरादून से चलने वाली ट्रेन संख्या 14310 देहरादून-उज्जैन उज्जैनी एक्सप्रेस वाया टापरी जं.-शामली-दिल्ली शाहदरा-तिलक ब्रिज-हजरत निजामुद्दीन चलेगी।

28 फरवरी को वलसाड से चलने वाली ट्रेन संख्या 12911 वलसाड-हरिद्वार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया हजरत निजामुद्दीन-तिलक ब्रिज-दिल्ली शाहदरा-शामली-टपरी जंक्शन चलेगी। 28 फरवरी को इंदौर से चलने वाली ट्रेन संख्या 19325 इंदौर-अमृतसर एक्सप्रेस वाया हजरत निजामुद्दीन नई दिल्ली-पानीपत जंक्शन-अंबाला कैंट चलेगी।